
दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 20 जयपुर, शुक्रवार, 29 दिसंबर, 2023 | पौष, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### घने कोहरे की चपेट में रहे प्रदेश के 22 जिले



**जयपुर।** प्रदेश में लगातार कोहरा छाए रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो गया। प्रदेश के 22 से ज्यादा जिले गुरुवार को घने कोहरे की चपेट में रहे। बीकानेर, सीकर, अलवर, चूरू, हनुमानगढ़ में विजिबिलिटी 150 मीटर से कम रही। राजधानी जयपुर में न्यूनतम पारे में गिरावट मापी गई। यहां न्यूनतम पारा 9.8 रहा, जो बुधवार के मुकाबले 1 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी राजस्थान में कोहरे और सर्द हवाओं के कारण कोल्ड-डे की शुरुआत हो गई है। 30 दिसंबर से मौसम में बदलाव आएगा। कोटा, उदयपुर, भरतपुर और जयपुर संभाग के जिलों में 30 से 1 जनवरी तक बादल छाने के साथ बारिश होने की संभावना है।

### एमएम श्रीवास्तव होंगे राजस्थान हाई कोर्ट के सीजे



एमएम श्रीवास्तव | अरुण भंसाली | विजय बिश्नोई

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव अब प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश (सीजे) होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनके नाम की सिफारिश की हैं। वहीं हाईकोर्ट के दो न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस विजय बिश्नोई के नाम की सिफारिश इलाहाबाद और गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के लिए की गई हैं। श्रीवास्तव मूलतः छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर 18 अक्टूबर, 2021 को राजस्थान हाईकोर्ट आए थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**पेपरलीक पर सरकार का बड़ा फैसला:** अब CS और DGP लेवल पर होगी मॉनिटरिंग, हेल्पलाइन नंबर जारी

# दोषियों के खिलाफ केस ऑफिसर स्कीम के तहत होगा ट्रायल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भाजपा की नई सरकार पेपरलीक के मामले में लगातार सख्त एक्शन ले रही है। मंत्रिमंडल गठन से पूर्व ही पेपर लीक मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। अब इस मामले में गुरुवार को सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया।

सीएमओ में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में यह फैसला लिया गया कि अब भर्ती परीक्षाओं की मॉनिटरिंग मुख्य सचिव और डीजीपी लेवल पर की जाएगी। पेपरलीक और नकल दोषियों के खिलाफ केस ऑफिसर स्कीम के तहत ट्रायल होगा। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही संदिग्ध परीक्षा केंद्रों व कोचिंग संस्थानों की विशेष निगरानी होगी।

पेपरलीक के मामलों को रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। हेल्पलाइन नंबर 9530428258 पर परीक्षा संबंधी गड़बड़ी की सूचना दी जा सकेगी। सीएमओ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और नकल रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बेरोजगार और मेहनती युवाओं को न्याय दिलाना और परीक्षाओं में गोपनीयता बनाए रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।



### उच्चस्तरीय मीटिंग में बोले सीएम... होंगे पुख्ता प्रबंध

सीएम ने उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि आने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक व नकल जैसी गडबड़ियों को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। इसके लिए परीक्षा से पूर्व मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक स्तर से जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से सीधा संवाद कर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए गठित उड़नदस्तों के लिए पर्याप्त अधिकारी एवं पुलिस बल जिलों को उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों एवं कोचिंग संस्थानों के बारे में विभिन्न स्रोतों से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त होती है, उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। ऐसे परीक्षा केंद्रों व कोचिंग संस्थानों की संदिग्धता पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

**सरकार के विस्तार पर लंबा ब्रेक:** ब्यूरोक्रेसी पर काम का दबाव नहीं, **नतीजा** विधायकों से बढ़ रही तनातनी

# महकमों में मंत्री नहीं, MLA के निशाने पर अफसर

- मंत्री नहीं होने से आमजन के कार्यों पर अफसरों का फोकस नहीं, प्रदेश की जनता को हो रही परेशानी
- पिछले 10 दिनों में कई विधायकों ने ब्यूरोक्रेसी की लचर कार्यशैली पर उठाए सवाल, इसी बात को लेकर हुई तनातनी

**बेधड़क**
**एक्सक्लूसिव**
**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नई सरकार के गठन हुए 25 दिन बीत गए हैं। बावजूद इसके अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो पाया है। सरकार के विस्तार में इतना लंबा ब्रेक संभवतः पहली बार लगा है। हालांकि पार्टी पदाधिकारी मंत्रिमंडल गठन को लेकर रोज नए बयान दे रहे हैं, लेकिन कैबिनेट गठन में लगातार देरी होती जा रही है। उसका असर अब प्रशासनिक कामों पर भी पड़ने लगा है। विभागों में मंत्रियों के न होने से अफसर आमजन से जुड़े मौजूदा कामों पर ज्यादा फोकस नहीं कर पा रहे हैं। जनता के काम नहीं होने से नए विधायकों की संबंधित विभागों के अफसरों से तनातनी बढ़ने लगी है। पिछले 10 दिनों में मौजूदा सरकार के 4 विधायकों की अधिकारियों से तनातनी हुई है।

### एक्सपर्ट का कहना

सरकार बनने के बाद हमेशा देखा गया है कि ब्यूरोक्रेसी पर काम और परफोर्मेंस का दवाब होता है, लेकिन इस बार ब्यूरोक्रेसी बिल्कुल फ्री है, जिससे जनता के काम रुक रहे हैं

### एक्सपर्ट बोले...



“मंत्रिमंडल गठन में देरी से सीधा प्रभाव जनता से जुड़े कामों पर पड़ रहा है। ब्यूरोक्रेसी भी इन कामों को गंभीरता ने नहीं लेता है। विभागीय मंत्री के न होने से अधिकारियों पर काम का दवाब भी नहीं रहता है। जनप्रतिनिधियों को जनता के काम करने होते हैं, विभागीय मंत्री नहीं होने से वे सीधे अधिकारियों को तलब करते हैं। इसको लेकर कई बार जनप्रतिनिधि व अधिकारियों में टकराव की स्थिति बन जाती है।

**प्रो. आर डी गुर्जर,**
राजनीतिक विश्लेषक

## इन विधायकों ने दिखाए तेवर

### केस 1



भाजपा MLA पितलिया के बिगड़े बोल...

#### लूली लंगड़ी हो जाएगी औलाद

भीलवाड़ा के सहाडा से भाजपा विधायक लादूलाल पितलिया का अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेंद्र मौर्य के साथ दुर्व्यवहार करने का वीडियो सामने आया है। इसमें विधायक डॉक्टर से कह रहे हैं कि हराम का कमा-कमा के क्या करोगे? प्लास्टिक के कीड़े पड़ेंगे। औलाद लूली लंगड़ी हो जाएगी, एक्सीडेंट में मारे जाओगे, भगवान से डरो।

### केस 2



शाहपुरा से बीजेपी MLA लालाराम बैरवा

#### नई नौकरी है, खतरे में पड़ जाएगी

शाहपुरा से नवनिर्वाचित बीजेपी विधायक लालाराम बैरवा 24 दिसंबर को एक महिला एसडीएम को सार्वजनिक रूप से लताड़ लगाते हुआ कहा कि नई नई नौकरी है, यह खतरे में पड़ जाएगी। यहां के रायला ग्राम पंचायत मुख्यालय में भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम चल रहा था। यहां आमजन से संवाद के दौरान क्षेत्र में बनी अवैध कोयला भट्टियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर बात हुई। तभी अचानक विधायक लालाराम बैरवा तैश में आ गए और महिला एसडीएम को खरी खोटी सुनाई।

### केस 3

हवामहल की हवा बदलते ही बालमुकुंद के तीखे तेवर



#### अगर यह आपका काम नहीं तो बॉर्डर पर काफी जगह है...

विधायक बालमुकुंदाचार्य 27 दिसंबर को नॉनवेज रेस्टोरेंट के अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर पुलिस अफसरों को आदेश दिए। उन्होंने कहा कि 100 बार बोलने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। अगर यह आपका काम नहीं है तो साफ बात है बॉर्डर पर काफी जगह है।

**विनायक शर्मा की हुई CM भजनलाल से मुलाकात**

# सीएम ने की ‘सच बेधड़क’ की तारीफ, बोले...बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है ग्रुप

- प्रदेश के कई अहम मुद्दों के साथ हुई आध्यात्मिक चर्चा

### बेधड़क मुलाकात



**बेधड़क** | जयपुर

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा की गुरुवार को ओटीएस अस्थाई सीएमआर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात हुई।

इस दौरान विनायक शर्मा और सीएम भजनलाल शर्मा के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। खासकर दोनों के बीच आध्यात्मिक चर्चा हुई। इस दौरान सीएम ने विनायक शर्मा से कहा कि आपका चैनल तेजी से आगे बढ़ रहा है। आप लोग बहुत मेहनत कर रहे हैं। सीएम की ओर से की गई चैनल की प्रशंसा को सहज और आत्मीय भाव से स्वीकार करते हुए विनायक शर्मा ने कहा कि सबसे कम उम्र में मैंने चैनल खोला है। इस दौरान विनायक शर्मा और सीएम के बीच आध्यात्मिक चर्चा हुई, जिससे सीएम काफी प्रभावित हुए। विनायक शर्मा सबसे कम उम्र में एक मीडिया ग्रुप को खड़ा करने की उपलब्धि के साथ-साथ ही आध्यात्म के प्रखर ज्ञाता भी हैं।

इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा मैं पूरी कोशिश कर रहा हूं राजस्थान को आगे बढ़ाने की। बेहतर प्रशासन देने की। इस दौरान उन्होंने बड़ी बात कही कि चाहे जनसुनवाई हो, चाहे मेरी अलग से मुलाकातों का दौर। मैं हर किसी की बातों को गौर से सुनता हूं और जो भी सलाह देते हैं, उनको नोट करता हूं, क्योंकि अच्छी सलाह कहीं से भी आ सकती है। यह सब बता रहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान के विजन और मिशन को लेकर कितने गंभीर है और आम व्यक्ति को समझने के लिए उनकी पीड़ा को दूर करने के लिए तत्पर है।

# IPS नीना सिंह बनीं CISF की DG

**एजेंसी** | नई दिल्ली



राजस्थान कैडर की 1989 बैच की आईपीएस अधिकारी नीना सिंह को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है, उन्हें अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह वर्तमान में सीआईएसएफ में विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, सीआईएसएफ के प्रमुख शील वर्धन सिंह के रिटायर होने के मद्देनजर उन्हें सीआईएसएफ महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नीना सिंह फिलहाल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के दिल्ली स्थित मुख्यालय में विशेष महानिदेशक (डीजी) के पद पर तैनात हैं। बिहार कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी शील वर्धन सिंह को नवंबर, 2021 में सीआईएसएफ डीजी नियुक्त किया गया था।

**ITBP और CRPF को भी मिला नया चीफ:** कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने बताया कि केंद्र ने 1988-बैच के आईपीएस अधिकारी अनीश दयाल सिंह को 31 दिसंबर, 2024 को उनके रिटायरमेंट या अगले आदेश तक सीआरपीएफ के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया है। केंद्र ने 1989-बैच के आईपीएस राहुल रसगोत्रा को उनकी रिटायरमेंट की तारीख 30 सितंबर, 2025 तक या अगले आदेश तक भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

**गोगामेड़ी हत्याकांड में नया खुलासा: नजर आई SIT की लापरवाही...**

# टीम फ्लैट में पहुंची तो छत से कूदकर फरार हुआ हथियार सप्लायर महेंद्र!

- NIA को पड़ोसी के घर लगे CCTV कैमरे में मिले महेंद्र के भागने के फुटेज
- लॉरेंस गैंग के बदमाशों को हथियारों की सप्लाई करते थे पूजा और उसका पति
- अब तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है हिस्ट्रीशीटर

**बेधड़क**
**एक्सक्लूसिव**
**ओमप्रकाश शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को दिल्ली पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर वाहवाही लूटने वाली जयपुर कमिश्नरेट की एसआईटी की बड़ी चूक सामने आई है। लॉरेंस गैंग को राजू ठेहट व सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के लिए हथियार उपलब्ध कराने वाला कोटा को हिस्ट्रीशीटर महेंद्र कुमार उर्फ समीर एसआईटी की लापरवाही के कारण फरार हुआ था।

सूत्रों का दावा है कि एसआईटी के पुलिसकर्मियों ने जब जगतपुरा इनकम टैक्स कॉलोनी स्थित महेंद्र के फ्लैट पर दबिश दी थी, तब महेंद्र अपार्टमेंट में ही मौजूद था। जब पुलिसकर्मी अपार्टमेंट के अंदर घुसे तो महेंद्र अपने फ्लैट में गया। पुलिसकर्मियों के फ्लैट में आने से पहले ही वह छत पर चला गया और वहां से नजदीकी घर पर कूदकर फरार हो गया। इसी दरम्यान एसआईटी के पुलिसकर्मी महेंद्र के फ्लैट में मौजूद पूजा सैनी से ही पूछताछ की खानापूर्ति करने बैठे गए। ऐसे में महेंद्र वहां से आसानी से फरार हो गया। पुलिस ने माना था कि महेंद्र के पास एके-47 समेत कई हथियार थे और वह गैंग को हथियार उपलब्ध कराता था। इसकी एवज में दुबई में बैठे रोहित गोदारा और नेपाल में बैठे वीरेंद्र चारण से मोटी रकम लेता था। महेंद्र व पूजा खुद शूटरों तक हथियार पहुंचाते थे। एनआईए ने पड़ोसी के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज लिए है। इसमें महेंद्र की भागने के फुटेज है। एनआईए डीवीआर जब्त की है।



### फौजी ने पूछताछ में किया था खुलासा

पड़ताल में सामने आया कि पुलिस ने गोगामेड़ी की हत्या के मामले में नितिन फौजी व रोहित राठौड़ को गिरफ्तार किया था। नितिन फौजी ने पूछताछ में खुलासा किया था कि उसको जगतपुरा में रहने वाले महेंद्र व पूजा ने उनके फ्लैट पर पनाह दी थी। महेंद्र ने ही नितिन की गोदारा व वीरेंद्र से फोन पर बातचीत कराई थी और उनके कहने पर हथियार पर उपलब्ध कराए थे। इसके बाद में आरोपी महेंद्र व पूजा को गिरफ्तार करने के लिए टीम बनाई थी, लेकिन टीम की लापरवाही के कारण महेंद्र फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने पूजा को गिरफ्तार कर लिया था।

### बदमाश पर दो लाख का इनाम

एसआईटी की लापरवाही से फरार हुआ महेंद्र आज तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। उस पर दो लाख का इनाम घोषित किया हुआ था। गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच अब एनआईए कर रही है।



### क्या था मामला

सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की 5 दिसंबर को शूटर नितिन फौजी व रोहित राठौड़ ने ताबड़तोड़ फायरिंग करके हत्या कर दी थी। वारदात के दौरान आरोपियों के साथ आए नवीन की भी गोली लगने से मौत हो गई थी और गोली लगने से घायल हुए अजीत की भी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

## जरूरी खबर

### केंद्र की योजनाओं का अंतिम छोर तक पहुंचाएंगे लाभ



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा ने दूदू में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम बैरवा ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दी गई गारंटी को संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम डॉ प्रेमचंद बैरवा का भाजपा कार्यकर्ताओं और जिला प्रशासन के अधिकारियों की ओर से संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्वागत किया गया। बैरवा ने कहा कि दूदू विधानसभा के आम जनता को किसी भी कामकाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

**जयपुर।** पुलिस सेवा में अति उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश दिए हैं। ऐसे में चयनित पुलिसकर्मियों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक व उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान पाने वाले अधिकारियों में एडीजी हेमंत प्रियदर्शी सहित 256 पुलिसकर्मियों का चयन हुआ है।

### कार्डियक अरेस्ट से एसएमएस के प्रोफेसर की मौत



**जयपुर।** एसएमएस मेडिकल कॉलेज के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेबिटेशन के प्रोफेसर डॉ. नितिन पांडे की गुरुवार को रतलाम में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। डॉ. पांडे परिवार के साथ छुट्टियां बिताने रतलाम गए थे। तभी उन्हें अटैक आया, जिसके बाद परिजन उनको हॉस्पिटल लेकर गए। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। डॉ. पांडे का खेलों के प्रति उनका अच्छा रुझान था। डॉ. पांडे बेहतरीन क्रिकेटर होने के साथ दूसरी स्पोर्ट्स एक्टिविटि में भी काफी एक्टिव रहते थे। 48 साल के डॉ. पांडे मूलरूप से भीलवाड़ा के रहने वाले थे। उन्होंने उदयपुर से एमबीबीएस करने के बाद एसएमएस मेडिकल कॉलेज से फिजिकल मेडिकल रिहबिलेशन में एमडी की थी।

**भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेशाध्यक्ष ने किया केंद्र की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान**

# चुनाव में प्रदेश की जनता से किए वादों पर काम शुरू: जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में प्रदेश की जनता से किए गए वादों पर काम शुरु हो गया है, अब जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने केंद की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

जोशी ने पीएम व सीएम का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में प्रदेश की जनता से 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने, अपराधों की रोकथाम के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और पेपर लीक के खिलाफ एसआईटी के गठन का वादा किया था। इन सभी कामों को पूरा करने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश की देव तुल्य जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए जो आशीर्वाद और समर्थन दिया उसी की बदौलत भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। महज दो सप्ताह में ही उन सभी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में काम शुरू करना अपने आप में ऐतिहासिक है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पिछली सरकार और वर्तमान सरकार में यही बड़ा फर्क है, पिछली सरकार साढ़े चार साल तक



सोती रही और अंतिम पांच महीने में योजनाओं पर काम करने लगी थी, जबकि मौजूदा सरकार पहले महीने से ही एक्शन में आ गई। इसके तहत 1 जनवरी से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। प्रदेश सरकार पर इस योजना के बाद 626.40 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

### मोदी सरकार ने लिए कई बड़े फैसले

जोशी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने पहले ही कार्यकाल में कई बड़े फैसले लिए। देश में आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ कि अभी तक जितने गैस के कनेक्शन नहीं मिले इन नौ सालों में दिलाए हैं। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना, जनधन योजना के तहत बैंक में खाता और आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

### एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स बनाई

प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में संगठित अपराध का तांडव पूरे प्रदेश में था, जिसका शिकार प्रदेश की जनता को होना पड़ा। इसकी रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स बनाई। एडीजी दिनेश एमएन के नेतृत्व में इसका गठन किया गया है। इससे प्रदेश में अपराधियों पर नकेल सकी जा सकेगी। जोशी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद ईआरसीपी को गति देने के लिए दिल्ली में राजस्थान और मध्य प्रदेश के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हो गई है।

**पार्टी के 139वें स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण में जुटे आला नेता**

# प्रदेश के कांग्रेसजनों ने लिया लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रदेशभर में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर में सुबह 10 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने कांग्रेस ध्वज को सलामी दी तथा महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलते हुए लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए पार्टी के प्रति पूरे मनोयोग से काम करने की बात कही। पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे डॉ. महेश जोशी, प्रतापसिंह खाचरियावास, डॉ. चंद्रभान सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर आरसीए के चेयरमैन वैभव गहलोत, पूर्व सांसद अश्कअली टांक, डॉ. कर्ण सिंह यादव, नमोनारायण मीणा, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, रामसिंह कस्वा, जसवंत गुर्जर, स्वर्णिम चतुर्वेदी, देशराज मीणा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। ध्वजारोहण कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।



### उतार चढ़ाव होता रहता है : महेश जोशी

स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। जब 1885 में 72 लोगों ने इसकी स्थापना की थी। तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह संगठन एक दिन देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनेगी। कांग्रेस एक जन आंदोलन है। समय का उतार चढ़ाव होता रहता है। पूरी दुनिया जानती है कि भारत को आजाद करने में सबसे बड़ी भूमिका कांग्रेस की रही है। मैं उन वीरों को नमन करता हूं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में योगदान दिया। सच्चाई यह है की आजादी महात्मा गांधी के बताए रास्ते से मिली और महात्मा गांधी व कांग्रेस का रास्ता एक ही है। जोशी ने कहा कि उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन कांग्रेस वैसे ही देश में टिकी हुई है, जैसे हिमालय हमारी सीमाओं की रक्षा करता है। कांग्रेस देश में लोकतंत्र की रक्षा कर रही है।

### अतिथियों को विधायक आवास में ठहराना अनुचित

पूर्व मंत्री महेश जोशी ने भाजपा सरकार पर जनप्रतिनिधियों के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने विधायकों के लिए जो आवास बनाए थे। वो अभी तक किसी भी विधायक को अलॉट नहीं किए गए। जबकि जयपुर में होने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में आने वाले अधिकारियों को उनमे ठहराया जा रहा है। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिख कर पुर्नविचार करने की मांग की।

### ईआरसीपी को घोषित करें राष्ट्रीय परियोजना

महेश जोशी ने कहा कि अभी उनकी योजना सामने आने दीजिए। हम तो पहले भी यही कह रहे थे कि केंद्र सरकार ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दे और 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश की जनता से जो वादा किया था उसे पूरा करे, लेकिन तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, इसलिए इसे पूरा नहीं किया गया। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तो इसे आगे बढ़ाने की कवायद की जा रही है। हम चाहते हैं कि 2017 में भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार ही इसे जल्द राष्ट्रीय परियोजना घोषित की जाए, ताकि प्रदेश के 13 जिलों के लोगों को राहत मिल सके।

### यहां भी किया ध्वजारोहण

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर.आर. तिवाडी के निर्देशन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता 1960 के पार्षद देवाराम राजोरिया ने जयपुर शहर जिला कांग्रेस कार्यालय पर झंडा फहराया। उन्होंने देश की आजादी में कांग्रेस के योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**तेल कंपनियों ने किया स्पष्ट**

## 31 दिसंबर के बाद भी चालू रहेगी गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी

**बेधड़क** | जयपुर

रसोई गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी करवाने की प्रक्रिया 31 दिसंबर के बाद भी चालू रहेगी। यह जानकारी प्रदेश में तेल कंपनियों की एसएलसी (स्टेट लेवल कमेटी) ओर से निकलकर सामने आई है। ऐसे में अब गैस उपभोक्तओं को घबराने की जरूरत नहीं है।

अगर 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी नहीं हो पाए तो गैस कनेक्शन बंद नहीं होगा। जानकारी के अनुसार देशभर में इन दिनों गैस कनेक्शन धारकों का ई-केवाईसी कार्य तेल कंपनियों की ओर से करवाया जा रहा है। इसके लिए गैस एंजेसियों के कार्यालयों पर उपभोक्ताओं की भीड़ जुट रही है। हालांकि तेल कंपनियों की ओर से अब कहा जा रहा है कि ई-केवाईसी सभी उपभोक्ताओं को करवाने की जरूरत है। लेकिन उज्जवला कनेक्शन धारकों को प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि उनको केंद्र व राज्य सरकार की ओर से गैस सिलेंडर सब्सिडी मिल रही है। ई-केवाईसी करवाने से उन कनेक्शनों का सही वेरीफिकेशन हो सकेगा। साथ ही भविष्य में केंद्र की ओर से गैस सब्सिडी शुरू करने के लिए सरकार को सही आंकड़े मिल सकेंगे। इसके लिए तेल कंपनियों की ओर से यह ई-केवाईसी की कवायद की जा रही है। यह ई-केवाईसी कार्य गैस एजेंसियों के ऑफिसों, विकसित भारत यात्रा कैंप और तेल कंपनियों के मोबाइल एप पर करवा सकते हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश में एक करोड़ 76 लाख के करीब गैस कनेक्शन धारक हैं। इनमें 69 लाख के करीब उज्जवला गैस कनेक्शन धारक हैं। इसमें 3.25 लाख के करीब बीपीएल श्रेणी के कनेक्शन हैं।



> गैस कनेक्शनों का ई-केवाईसी कार्य इन दिनों करवाया जा रहा है। ई-केवाईसी प्रमुख रूप से उज्जवला कनेक्शन धारकों के लिए अनिवार्य है, सामान्य उपभोक्ता भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। ई-केवाईसी का कार्य 31 दिसंबर के बाद भी चलता रहेगा।
>
> **-आलोक कुमार पांडा,** एसएलसी और एक्जि. डायरेक्टर व राज्य प्रमुख इंडियन ऑयल, जयपुर।

**अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

## देवनानी ने विस कक्षों में देखी व्यवस्थाएं

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को विधानसभा पहुंचकर मुख्य सदन, विधानसभा सचिवालय के विभिन्न कक्षों, पुस्तकालय, सदन की विभिन्न दीर्घाओं और विधानसभा परिसर का अवलोकन किया।

इस अवसर पर देवनानी ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने देवनानी को विभिन्न शाखाओं में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।



देवनानी ने विधानसभा के अधिकारियों व कर्मचारियों के कक्षों में मौजूदा व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय लिया। देवनानी ने विधानसभा के परिसर में किए जाने वाले परिवर्तनों के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। देवनानी विधानसभा के पुस्तकालय में भी गए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। देवनानी ने सदन के ऑडियो वीडियो कंट्रोल रूम से यूटयूब पर संचालित किए जाने वाले सदन के सजीव प्रसारण के बारे में भी जानकारी ली। देवनानी ने विभिन्न पत्रावलियों का निस्तारण किया।

**आयोजन समिति ने सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा का किया सम्मान**

## स्वामी प्रबोधानंद का जन्मोत्सव मनाया

**बेधड़क** | जयपुर

सी-स्कीम के सरोजनी मार्ग स्थित मंदिर स्वामी श्रीप्रबोधानंद सरस्वती में ब्रह्मलीन संत प्रबोधानंद सरस्वती का 110वां जन्म महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर रामचरित्र मानस पाठ की पूर्णाहुति हुई। इस मौके पर सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने भी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। मन्दिर कमेटी की ओर से डॉ. गोपाल शर्मा का साफा और माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बुधवार से शुरू हुए अखंड रामचरित्र मानस पाठ की हवन के साथ पूर्णाहुति हुई। वैदिक मंत्रोच्चरण के बीच सर्व मंगल की कामना से आहुतियां दी गई। इसके बाद महाआरती की गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने पंगत में बैठकर प्रसादी में ग्रहण की।



**अति आवश्यक मामलों में लेनी होगी निर्वाचन आयुक्त की अनुमति**

# निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादलों पर लगाई रोक

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू दी है। इसी कड़ी में चुनाव आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों के तबादलों पर रोक लगा दी है। अगर किसी अधिकारी का तबादला करना है तो उसके लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

जानकारी के अनुसार केंद्रीय चुनाव आयोग से सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा कि आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव हैं। इसके लिए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। ऐसे में इस कार्य से जुड़े ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, डीईओ सहित तमाम अधिकारियों के तबादले नहीं किए जाए। अगर जरूरी हो तो उसके लिए राज्य निर्वाच आयुक्त से अनुमति लेनी होगी। 20 दिसंबर से वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का काम शुरू हो गया है।

इस काम में उन्हीं अधिकारियों-कर्मचारियों को शामिल किया है, जिन्होंने विधानसभा चुनावों में ये सब काम किया था। वोटर लिस्ट का काम निर्बाध पूरा हो, इसे देखते हुए बीएलओ से लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी तक के ट्रांसफर पर रोक लगा दी है।




### ट्रांसफर का बताना होगा उचित कारण

चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर आदेश दिए हैं कि अगर किसी भी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), सहायक निर्वाचन अधिकारी या रिटर्निंग ऑफिसर जो आरएएस या आईएएस स्तर का है उसका ट्रांसफर करना है तो उसके लिए उचित कारण बताना होगा। ये कारण राज्य के निर्वाचन आयुक्त के जरिए केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को भेजना पड़ेगा। अगर इससे नीचे स्तर जैसे बीएलओ या अन्य कर्मचारियों का कोई ट्रांसफर करता है तो उसके लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त से अनुमति लेनी होगी।

### 8 फरवरी को होगा फाइनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन

राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची बनाने का काम चल रहा है। ये काम 4 जनवरी तक चलेगा और 6 जनवरी को वोटर लिस्ट की ड्राफ्ट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद वापस आयोग इस ड्राफ्ट प्लान पर लोगों की तरफ से आने वाली आपत्तियां और दावों का निस्तारण करेगा, जो 2 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद आयोग की ओर से 8 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### खाली पदों को जल्द भरा जाए

केन्द्रीय चुनाव आयोग की ओर से जारी पत्र में केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन अिधकारी को निर्देश दिए हैं कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र या जिले में निर्वाचन से संबंधित किसी अधिकारी या कर्मचारी की पोस्ट खाली है तो उसकी सूची तैयार करके वहां जल्द से जल्द दूसरे कर्मचारी या अधिकारी लगाए जाए।

## जरूरी खबर

### कोरोना के 6 नए मरीज मिले, एक की मौत



**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। गुरुवार को प्रदेश में फिर 6 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले। वहीं एक दुर्घटनाग्रस्त कोविड संक्रमित मरीज की मौत हुई है। प्रदेश में अब एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या 36 हो गई है। एक मरीज जयपुर के पुरानी बस्ती, हेरिटेज निगम इलाके का मिला है। इसके साथ ही बांसवाड़ा में एक, भरतपुर में एक, झालावाड़ में एक, नागौर में एक व सीकर में एक मरीज मिला है। जयुपर में 353 जनों का सैंपल लिया गया था। सीएमएचओ प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि जयपुर में मिले संक्रमित मरीज के घर पर टीम भेजते हुए सेनेटाइजेशन सहित दवाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

### संकल्प यात्रा शिविर में हुए 845 पंजीयन



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हेरिटेज द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 के तहत आयोजित शिविरों के 11वें दिन 845 पंजीयन हुए हैं। महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि गुरुवार को छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ पर आयोजित दोनों शिविरों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 44, स्वास्थ्य जांच में 350, उज्वला में 145, आधार कार्ड में 26 पंजीयन हुए और 300 लोगों ने ई-शपथ ली। महापौर गुर्जर ने बताया कि शिविरों का लाभ लेने आने वालों की संख्या में निरन्तर वृद्धि देखी जा रही है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


## रेलवे स्टेशन प्रबंधन की नई व्यवस्था, 140 ऑटो हो सकेंगे पार्क

# जयपुर जंक्शन परिसर में बनाया ऑटो स्टैंड, जाम से मिलेगी मुक्ति

बेधड़क | जयपुर

जयपुर जंक्शन पर आने वाले रेलयात्रियों और ऑटो रिक्शा चालकों को जाम से परेशान नहीं होना पड़े इसके लिए रेलवे स्टेशन प्रबंधन ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत स्टेशन एरिए में ऑटोरिक्शा के लिए ऑटो स्टैंड बनाया गया। यहां करीब 140 ऑटो खड़े हो सकेंगे। इसके अलावा स्टेशन के बाहर यातायात पुलिस ने नई व्यवस्था बनाई है, जिससे कोई भी स्टेशन के बाहर ज्यादा समय के लिए रुक नहीं सकेगा। परशुराम सर्किल से डीआरएम ऑफिस की रोड पर बीच में डिवाइडर हटाकर रास्ते को चौड़ा किया गया है। वहीं स्टेशन पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती कर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है।

जानकारी के अनुसार जयपुर जंक्शन यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करते हुए परशुराम सर्किल के मेन एंट्रेंस पर बने पुराने पार्क को हटाकर ऑटो पार्किंग की सुविधा दी गई है। जयपुर स्टेशन के मेन गेट से ऑटो के एंट्री पर रोक लगा दी गई है। यात्री प्लेटफॉर्म नं 1 से मेन गेट की तरफ आकर ऑटो ले सकेंगे। जयपुर स्टेशन डायरेक्टर मिहिर देव ने बताया कि हमने पहले फेज में परशुराम सर्किल की तरफ से टोंक रोड की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए फर्स्ट एंट्री से लेकर



थर्ड एंट्री को जोड़ा था। अब टैक्सी और ऑटो स्टैंड को भी रिलोकेट किया है। इसमें एनबीसी पार्क और गांधी मूर्ति के पीछे पेडेस्टल को मिलाकर करीब 1210 स्क्वायर फीट के एरिया में हम लोगों ने डेडिकेटेड ऑटो स्टैंड भी बनाया है। इस ऑटो स्टैंड में एक साथ लगभग 140 ऑटो खड़े हो सकते हैं। इससे फायदा यह होगा कि इसकी कनेक्टिविटी स्टेशन साइड और परशुराम सर्किल से दी गई है।

### अगले माह चल सकती है वंदे भारत ट्रेन, मेमू को वापस भेजा

इधर, पिछले दिनों उत्तर पश्चिम रेलवे को मिली चौथी नई वंदे भारत ट्रेन को चलाने पर अगले माह फैसला हो सकता है। इसके लिए जोनल रेलवे ने रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज रखा है। सीपीआरओ कैप्टन शशिकरण ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन के लिए रूट का प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड को भेज रखा है। उम्मीद है कि अगले माह तक इस बारे में कोई निर्णय हो जाएगा। बता दें कि अभी यह ट्रेन खातीपुरा स्टेशन पर पिछले एक माह से आरपीएफ की सुरक्षा में खड़ी है। उधर, कुछ दिनों पहले जोनल रेलवे को मिली मेमू ट्रेन को वापस लौटा दिया गया है। इस ट्रेन को दूसरे जोनल रेलवे को भेजा गया है। बताया जा रहा है यह ट्रेन हाई राइजिंग के हिसाब से यहां के संचालन के लिए अनुकुल नहीं थी, इसलिए रेलवे ने इस रैक को दूसरे स्थान पर भेज दिया है। अब मेमू ट्रेन नहीं चल सकेगी। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के आरपीएफ प्रिंसिपल चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर ज्योति कुमार सतीजा ने बुधवार शाम को स्टेशन का निरीक्षण किया।

### सर्कुलेटिंग एरिया में नहीं ले सकेंगे ऑटो

स्टेशन डायरेक्टर ने बताया कि अब मेन गेट से जयपुर स्टेशन में ऑटो की एंट्री पूरी तरीके से बंद कर दी गई है। इसमें ऑटो चालक यूनियन के साथ बैठकर निर्णय लिया गया कि ऑटो स्टैंड बनने के बाद मेन सर्कुलेटिंग एरिया में कोई भी ऑटो चालक ऑटो खड़े नहीं करेंगे। अब यात्री ऑटो लेने के लिए परशुराम सर्किल और टोंक रोड की ओर जाने वाले रास्ते से ऑटो ले सकेंगे। इससे हमें मेन सर्कुलेटिंग एरिया में थोड़ा ज्यादा स्पेस मिलेगा, जो जाम की समस्या सुधारने में राहत देगा।

## शहर में दो बड़ी कार्रवाई ... ताकि कानून का इकबाल कायम रहे

# गोगामेड़ी के हत्यारे रोहित के घर पर चला पुलिस का बुलडोजर

### एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने कोटा के हिस्ट्रीशीटर दिग्विजय को जयपुर से पकड़ा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश बढ़ रहे गैंगस्टर्स के खात्मे के लिए पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी पर घर में घुसकर गोलियां बरसाने वाले दो शूटर्स में से एक रोहित राठौड़ के घर पर गुरुवार को बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ढहा दिया। गैंगस्टर्स पर यूपी की तर्ज पर हुई बुलडोजर कार्रवाई प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद पहली बार हुई है। रोहित राठौड़ मूलतः नागौर जिले के जूसरी गांव का रहने वाला है और जयपुर में खातीपुरा के सुंदर नगर में उसका मकान में रहता था। पुलिस को इसी मकान में अवैध निर्माण की जानकारी मिली थी, जिस पर निगम के सहयोग ने ये कार्रवाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर नवगठित एंटी गैंगस्टर्स फोर्स ने कोटा के हिस्टीशीटर को दबोचने में कामयाबी हासिल की है। बदमाश दिग्विजय सिंह उर्फ बिट्टू पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था, वह पांच माह से कोटा पुलिस के चंगुल से बचकर करधनी क्षेत्र में छिपा हुआ था।



#### ग्रेटर निगम के दस्ते ने की कार्रवाई

पुलिस उपायुक्त संजीव नैन ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के आरोपी रोहित राठौड़ के सुंदर नगर स्थित मकान में अवैध निर्माण की सूचना मिली थी। इसकी जानकारी जयपुर ग्रेटर नगर निगम के अधिकारियों को दी गई। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने यह कार्रवाई की और बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। हालांकि, इस साल जयपुर के साथ ही प्रदेश के अन्य शहरों में बदमाशों की अवैध संपत्ति पर पहले भी बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की गई है, लेकिन राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस तरह की यह पहली कार्रवाई है।

#### पांच साल से फरार इनामी बदमाश को दबोचा

वहीं प्रदेश में संगठित माफिया और गैंगस्टर पर लगाम कसने के लिए गठित की गई एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने गुरुवार को पहली कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश दिग्विजय सिंह उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। दिग्विजय कोटा का हिस्ट्रीशीटर है और पांच साल से फरार चल रहा था। हिस्ट्रीशीटर बिट्टू को जयपुर के करधनी थाना इलाके के नांगल जैसा बोहरा से गिरफ्तार किया है। एडीजी (क्राइम) और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के प्रमुख दिनेश एम एन ने बताया कि गैंगस्टर दिग्विजय सिंह उर्फ बिट्टू बेगूं (चित्तौड़गढ़) में साल 2009 में हुए दोहरे हत्याकांड में पांच साल से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि हिस्ट्रीशीटर दिग्विजय पर उदयपुर रेंज आईजी ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। बदमाश बिट्टू के जयपुर में होने की सूचना मिलने पर गुरुवार को करधनी थाना इलाके के नांगल जैसा बोहरा में टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी दिग्विजय को कोटा में कोर्ट में पेश कर कोटा एजीटीएफ टीम को सौंपा दिया है। दिनेश एम एन ने बताया कि गैंगस्टर दिग्विजय सिंह उर्फ बिट्टू के खिलाफ पहले ही 15 अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## कीरतपुरा में जेडीए की कार्रवाई

# सेटबैक कवर कर किया जा रहा अवैध निर्माण तोड़ा



बेधड़क | जयपुर

JAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY

जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन छह में बेनाड़ रोड़ बालाजी विहार विस्तार के भूखण्ड संख्या 84 में सैटबैक में बनी अवैध बालकनी और जोन-13 में कीरतपुरा कीमाया रिसोर्ट में सेटबैक में बने अवैध पिल्लर, बालकॉनी को ध्वस्त किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन छह बेनाड़ रोड बालाजी विहार विस्तार के भूखण्ड संख्या 84 में सेटबैक कवर कर अवैध रूप से बालकनी बनाई गई थी, जिसे जोन छह के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते लोखण्डा मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया। वहीं, जोन-13 में ही बिलोची से अचरोल की तरफ कीरतपुरा में कीमाया रिसोर्ट में सेटबैक कवर कर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था, जिसे भी प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्यवाही में उप नियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोदारा ने दी व्यापारी को धमकी, मामला दर्ज

# पैसे दे दो, नहीं तो गोली मार दूंगा...

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में गैंगस्टर रोहित गोदारा के पैसों के लिए एक बिजनेसमैन को धमकी देने का मामला सामने आया है। गैंगस्टर ने इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप कॉल कर व्यापारी को धमकाया कि पैसे दे दो, नहीं तो गोली मार दूंगा। घटना के बाद व्यापारी ने माणकचौक थाने में मामला दर्ज कराया है।



पुलिस ने बताया कि बनीपार्क निवासी व्यापारी बड़ी चौपड़ स्थित अपनी दुकान पर बैठा था, तभी उनके मोबाइल पर एक इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद का नाम रोहित गोदारा बताया और कहा कि तुम राधेश्याम के पैसे क्यों नहीं दे रहे हो। पीड़ित के राधेश्याम के बारे में पूछने पर धमकाया कि वो पता चल जाएगा। इसके बाद गैंगस्टर ने जान से मारने की धमकी देकर कॉल काट दिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसका राधेश्याम से कोई लेने-देन नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने जांची SMS में व्यवस्थाएं

# अस्पताल में नहीं है तो खरीद कर दें दवा

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के एसएमएस अस्पताल के दौरे के दौरान मिली अव्यवस्थाओं को सुधारने को लेकर अब चिकित्सा शिक्षा महकमा एक्शन मोड में आ गया है। इसके निए अस्पताल में लगातार व्यवस्थाओं को सुधारा जा रहा है। इसकी कड़ी में गुरुवार को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिव प्रकाश नकाते ने एसएमएस अस्पताल का 7 घंटें तक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने नकाते



को अस्पताल का अवलोकन करवाते हुए आवश्यक जानकारी दी। निरीक्षण में नकाते ने अस्पताल के धन्वतरि, बांगड़ परिसर के साथ ही परिसर के आउटडोर का भी दौरा किया। नकाते ने डॉक्टरों की उपस्थिति व दवा व जांच आदि की सही व्यवस्था करने के दिशा निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में टूटी-फूटी सड़क, पानी भरे होने की समस्या, मरीजों को समय पर दवाई मिल रही है या नहीं इसके बारे में भी जानकारी दी। साथ ही ओपीडी में मरीजों से बात करते हुए समस्या के निस्तारण को लेकर निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अगर किसी मरीज को अस्पताल में दवा नहीं मिलती है तो अस्पताल प्रशासन पीएम जन औषधि केंद्र के माध्यम से दिलवाने की व्यवस्था करें। अस्पताल प्रशासन दवाई की खरीद कर मरीज को उपलब्ध करवाए।

## 800 यात्रियों को हुई परेशानी, दूसरे साधनों से जाना पड़ा गंतव्य

# ड्यूटी आवर्स पूरी होने पर 10 विमानों के पायलट छोड़कर चले गए विमान

बेधड़क | जयपुर

उत्तरी भारत में कोहरे के कारण प्रभावित हवाई यातायात का असर लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। बुधवार को दिल्ली जा रहे 10 विमानों को जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट करने के बाद भी विमान उड़ान नहीं भर पाए। ऐसे में विमान के पायलट और स्टाफ ड्यूटी आवर्स खत्म होने पर विमान से उतर चले गए। इसके कारण विमानों में मौजूद करीब 800 यात्रियों को गंतव्य तक जाने में दिक्कते झेलनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात जयपुर एयरपोर्ट पर दिल्ली जाने वाले 12 विमानों (फ्लाइट) को डायवर्ट किया गया था। इनमें दो विमान उड़ान भरने में कामयाब हुए थे, जबकि मौसम खराब होने पर 10 विमान जयपुर एयरपोर्ट के रनवे पर ही देर रात तक खड़े रहे। इनमें पांच विमान एयर इंडिया, दो विमान इंडिगो एयरलाइंस, दो विमान अलायंस एयरलाइंस और एक विमान विस्तारा एयरलाइंस का था। इस दौरान यात्रियों को फ्लाइट में ही बिठाए रखा गया। इस बीच फ्लाइट स्टाफ के ड्यूटी आवर्स पूरे होने पर वे चले गए। उन्होंने फ्लाइट छोड़ दी। इसके बाद यात्रियों को जयपुर एयरपोर्ट पर सुबह तक इंतजार करना पड़ा। इसकी वजह से 800 से ज्यादा यात्रियों को परेशान होना पड़ा। अधिकांश यात्री देर रात बस और रेल से रवाना हुए तो कुछ टैक्सी और दूसरी फ्लाइट के जरिए गए।




#### एक्स पर यात्रियों ने बताई परेशानी

इस वाकये एक बाद एक यात्री योगेश दुबे ने X (ट्विटर) पर लिखा- दिल्ली की फ्लाइट जयपुर डायवर्ट होने की वजह से परेशानी हो रही है। इंतजार के बाद अब तो पायलट भी प्लेन छोड़ कर चले गए हैं। इस पर जवाब देते हुए एयर इंडिया ने जवाब दिया और कहा कि योगेश दुबे, हमें आपको हुई असुविधा के लिए खेद है। जयपुर के लिए डायवर्ट की गई उड़ानें परिचालन कारणों से रद्द कर दी गई हैं। ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी वास्तविक समय की सहायता के लिए हमारी हवाईअड्डा टीम से संपर्क करें।

#### अथॉरिटी ने कहा-गाइडलाइन से ही छोड़ा प्लेन

वहीं इस मामले में एयरपोर्ट ऑफिशियल्स के अनुसार- फ्लाइट स्टाफ सिर्फ निर्धारित वक्त तक ही काम कर सकता है। ऐसे में वर्किंग आवर्स पूरे होने के बाद ही फ्लाइट के स्टाफ ने विमान छोड़े थे। यह डीजीसीए की गाइडलाइन के अनुरूप ही है। निर्धारित गाइडलाइन के तहत ही पायलट और स्टाफ के सदस्य विमान से उतरे थे।

#### रनवे पर अटका, बड़ा होते टला

इधर, जयपुर एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम को लैंडिंग के दौरान एयर इंडिया का एक विमान का टायर जाम हो गया । इससे विमान रनवे पर बीचों बीच अटक गया। इसके बाद हैंडल टीम की ओर से विमान को आगे बढ़ाया गया। वहीं, विमान के अचानक रवने पर अटकने पर यात्री भौंचक्के रह गए। ऐस में कोई बड़ा हादसा होते टल गया। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार लैंडिंग के बाद पायलट को स्टीयरिंग में कठोरता महसूस हुई। इस पर ऐहतियातन तौर पर आवश्यक खिंचाव करते हुए फ्लाइट को आगे बढ़ाया गया। जांच के बाद सब कुछ सही पाने पर फ्लाइट ने दूसरे गंतव्य के लिए उड़ान भरी।

#### पर्यटन सीजन पर बढ़ा यातायात भार

एयरपोर्ट से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक तरफ जहां त्योहारी और पर्यटन सीजन के चलते यात्रीभार बढ़ा तो वहीं दूसरी तरफ चुनाव के चलते राजनीतिक मूवमेंट होने से नॉन शेड्यूल्ड फ्लाइट्स का ऑपरेशन अधिक हुआ है। एयरपोर्ट पर नवंबर में यात्री भार में 16.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एयरपोर्ट से नवंबर में कुल 4.78 लाख यात्रियों ने यात्रा की। इनमें 4.52 लाख घरेलू और 26 हजार अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल हैं। जबकि अक्टूबर में यात्रीभार 4.09 लाख था। इसके अलावा नवंबर माह में 948 नॉन शेड्यूल्ड फ्लाइट्स का मूवमेंट रहा।

## जरूरी खबर

### सीकर के जवान की राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि



**सीकर।** जम्मू-कश्मीर के सुंदरबनी इलाके में भारत-पाकिस्तान सीमा एलओसी पर तैनात सीकर निवासी बीएसएफ के जवान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जवान की पार्थिव देह गुरुवार को पेतृक गांव पहुंची, जहां सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। जवान के दोस्त श्रवण कुमार ऐचरा ने बताया कि जवान रामनिवास खेदड़ (34) सीकर के बेरी गांव के खेदड़ों की ढाणी का रहने वाला था। रामनिवास जम्मू-कश्मीर में ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र में एलओसी पर तैनात था। इस दौरान 26 दिसंबर को सुबह हार्ट अटैक आ जाने से रामनिवास की मौत हो गई थी।

### प्लॉट के विवाद में दो पक्षों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग

**धौलपुर।** निहालगंज थाना इलाके की रामनगर कॉलोनी में भूखंड के विवाद को लेकर गुरुवार को दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। मामूली विवाद ने इतना तूल पकड़ कि दोनों पक्ष लाठी डंडे और हथियारों से लैस होकर आमने-सामने हो गए। दोनों तरफ से जमकर पथराव हुआ एवं फायरिंग हुई। गोलियों की आवाज से कॉलोनी में दहशत फैल गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए। गुरुद्वारा रोड स्थित रामनगर कॉलोनी में कांस्टेबल लक्ष्मीकांत गुर्जर एवं पड़ोसी रविंद्र घुरैया में भूखंड के टुकड़े को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। दोनों के मकान के बीच एक खाली प्लॉट पड़ा हुआ है, जिस पर दोनों पक्ष अपना-अपना हक जता रहे हैं।

### दूसरे दिन एक और लेपर्ड वन विभाग के पिंजरे में कैद



**अजमेर।** ब्यावर जिले के गांव चक्की का बाड़िया में लगातार दूसरे दिन एक और लेपर्ड पिंजरे में कैद हो गया। लेपर्ड के फंसने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर जुट गए। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने लेपर्ड को अपने कब्जे में लिया है। जिसे टॉडगढ़ अभ्यारण क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। बता दें कि बुधवार को भी इसी जगह पर एक लेपर्ड पिंजरे में कैद हुआ था, जिसने पिंजरे का एक सरिया तोड़ दिया। इससे वह लहूलुहान भी हो गया था।

## पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के शिल्पग्राम उत्सव में विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों की बिखरी रंगत

# ब्रास बैंड और वडोदरा के फ्यूजंस ने झुमाया

उत्तराखंड के 'छपेली' में प्रपोजल का संगीतमय अंदाज दिखा

असम के बिहू ने जमाया असमिया लोक संस्कृति का रंग

पंजाबी गिद्दा डांस में खूबसूरत गायकी और नृत्य ने रिझाया









### उत्तराखंड के छपेली डांस ने मोहा मन

पहाड़ी राज्यों, खासकर उत्तराखंड में गांव और परिवार में मांगलिक कार्यों के मौके पर युवा युवक-युवतियां मिलकर परंपरागत सामूहिक नृत्य छपेली करते हैं। इसमें जहां हुड़का वाद्य यंत्र बजाते युवक, युवतियों के रूप सौंदर्य की प्रशंसा कर उन्हें रिझाने का प्रयास कर रहे थे, वहीं कलाई पर खूबसूरत रंगीन रुमाल बांधे युवतियां लजाती, सकुचाती और अदाएं दिखाती हुईं उन्हें जवाब दे रही थीं। यहां शिल्पग्राम उत्सव के दौरान दस युवक-युवतियों ने 'गांगुली लचका कमर...' गाने पर यह डांस करते हुए शिल्पग्राम में पहाड़ी रस घोल हजारों दर्शकों का मन मोह लिया। इसमें 5-5 नर्तक-नर्तकियों ने परफॉर्म किया। स्वयं लोक नर्तक ललित विष्ट के निर्देशन में इस नृत्य के संगीतकारों में हुड़का पर नवीन चेनारिया और बांसुरी पर संतोष कुमार ने संगीत दिया। इनके साथ ही ढोलक और ढपली का भी प्रयोग किया गया।

**बेधड़क | उदयपुर**

यहां शिल्पग्राम में गुरुवार शाम की फिजा में उस वक्त गीत-संगीत के विभिन्न रंगों की मिठास घुल गई, जब जयपुर के धोद ग्रुप ने महाराजा ब्रास बैंड की धुनें छेड़ी और महाराजा सियाजी राव यूनिवर्सिटी के कलाकारों ने म्यूजिकल सिंफनी की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही पंजाब के गिद्दा, असम के बिहू और उत्तराखंड के छपेली नृत्यों ने लोक संस्कृति का शानदार समां बांधा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त धोद ग्रुप के जयपुर महाराजा ब्रास बैंड ने गुरुवार को विख्यात आर्टिस्ट रहीस भारती के निर्देशन में राजस्थानी लोक गीतों के साथ ही बॉलीवुड और शास्त्रीय गानों और संगीत का ऐसा शानदार फ्यूजन पेश किया कि पूरा मुक्ताकाशी मंच और शिल्पग्राम झूम उठा। इसमें राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गीतों की शानदार प्रस्तुति ने हर बोल को जीवंत कर दिया। बैंड की प्रस्तुति के दौरान रहीस ने मोरनी बागां में बोली आधी रात में जैसे हर जुबां पर सजे गाने सुनाए। बैंड पर 16 मात्राओं के गाने पायलिया... की धुन बजाई तो हर लाइन और धुन पर हजारों लोगों की वाहवाही मिली। इसमें ट्रॉम्बून पर अब्दुल सत्तार खान, इस्माइल खान और फारूख, डुग्गा पर उस्ताद रमजान खां, अल्लारख व प्रभु तंबूर, बनवारी ने एल्फोनियम पर शानदार संगीत दिया।

**इन्होंने किया संगीतबद्धः** ढोल पर डॉ. केदार मुकादम, तबला-पखावज व अन्य ताल वाद्यों पर दक्षेश पटेल, द्विज गंधर्व, मिलन डोडिया और मानस वोरा, सितार पर डॉ. राहुल बरोडिया व ध्रुव व्यास, बांसुरी पर सारंग अधिकारी, सारंगी पर अर्पित मांडविया, गिटार पर अर्श शाह, शहनाई पर मुकुंद संत, वायलिन पर निदिश्वरलाल भजन व ओरिक्तो चटर्जी, की बोर्ड पर अंतु देबनाथ, ड्रम पर जय कुबावत ने संगीत दिया। जबकि गायन जनक जासकिया, यश देवले व स्वरित केळकर ने किया।

### वडोदरा की सिम्फनी ने हृदय किया झंकृत

महाराजा सियाजी राव यूनिवर्सिटी, वडोदरा के कलाकारों ने लोक, शास्त्रीय और पाश्चात्य वाद्ययंत्रों की कर्णप्रिय सिम्फनी पेश कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। परंपरागत रूप से अलग-अलग इन वाद्य यंत्रों का यह अनूठा संगम रहा, जिन्हें एक साथ बांधने का कार्य युवा गायकों ने किया। इस प्रस्तुति ने विभिन्न संस्कृतियों की एकता का सुरमई संदेश दिया। इसके साथ ही लोक धुन 'उगम' की प्रस्तुति में राग तिलंग और पहाड़ी आधारित पंडित विभास रानडे की रचनाएं प्रस्तुत की गईं, इस पेशकश ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। पेशकश के अंत में 'सुर ताल चक्र' की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं के हृदय को झंकृत कर दिया। इसमें राग पूरिया धनाश्री आधारित भारतीय संगीत को उम्दा ढंग से पश्चिमी वाद्यों के साथ पिरोया गया। इस प्रस्तुति का डॉ. केदार मुकादम ने संयोजन किया। प्रारंभ में डॉ. राजेश केळकर की कम्पोज्ड राग पूरिया धनाश्री पर आधारित गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। इसमें एक वाद्य यंत्र से आगाज हुआ और धीरे धीरे दूसरे इंस्ट्रूमेंट्स जुडे और पेशकश को चरमोत्कर्ष पर पहुंचाया।

### पंजाबी 'गिद्दा' पर झूमे दर्शक



पंजाब के सोनिया सोफट एंड ग्रुप की पंजाबी लोक नृत्य गिद्दा की धमक ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। लोगों ने उमंग और ऊर्जा के साथ खुद इसके गानों में सुर मिलाकर ताल के साथ तालियां बजाई। दरअसल, गिद्दा भारत और पाकिस्तान के पंजाब क्षेत्र में महिलाओं का एक लोकप्रिय लोक नृत्य है। यह पारंपरिक पंजाबी नृत्य के अन्य रूपों से इस मायने में भिन्न है कि इसे प्रस्तुत करने के लिए दो सिरों वाले बैरल ढोल ड्रम की आवश्यकता नहीं होती है। 'गिद्दा' पंजाब का एक लोक नृत्य है। यह पंजाब में खुशी के तमाम अवसरों के दौरान किया जाता है।



### बिहू नृत्य ने फिजा में बिखेरे असमी रंग

ओ जानूं ओए... मोए सेसा पानी, आहा ना सोनी ओए..., दिसांगोल पारोते... और नां गोल लोई... जैसे माहौल में मधुर रस घोलते सुरमई गानों पर पेश किए गए असम के बिहू लोक नृत्य ने दर्शकों का हृदय झंकृत कर दिया। इसमें असम की युवक युवतियों ने नयनाभिराम तालमेल दिखाया। इसमें ड्रम (विशेष रूप से दो सिर वाले ढोल), हॉर्न-पाइप और बांसुरी जैसे संगीत वाद्ययंत्रों का बहुत ही खूबसूरती से सुरमई प्रयोग किया गया।

**'बिहू' के बारे में:** इस लोक नृत्य की परंपरा असम के जातीय समूहों यथा कैवार्त्तस, देओरिस, सोनोवाल, कचारिस, चुटिया, बोरोस, मिसिंग्स, राभास, मोरन और बोराहिस की संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण रही है। विद्वानों के अनुसार बिहू नृत्य भूमि की उर्वरता बढ़ाने की एक प्रार्थना माना जा सकता है। परंपरागत रूप से यह डांस स्थानीय कृषक महिला-पुरुष घर से बाहर, खेतों, जंगलों या नदियों के किनारे, विशेषकर अंजीर के पेड़ के नीचे नृत्य करते रहे हैं।

**कलाकारों को किया सम्मानित:** प्रस्तुतियों के बाद पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता व अतिथियों ने कलाकारों को पोर्टफोलियो प्रदान किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## टक्कर के बाद 50 मीटर दूर जाकर गिरा कार का इंजन

# बेकाबू हुई तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

**बेधड़क | झुंझुनूं**



राजस्थान के झुंझुनूं में गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो गंभीर घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कार का इंजन 50 मीटर दूर जाकर गिरा। यह हादसा झुंझुनूं के चिड़ावा में गुरुवार सुबह 10.30 बजे हुआ। चिड़ावा सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि तेज रफ्तार कार के सामने अचानक मवेशी आने की वजह से यह हादसा हुआ। कार के सामने मवेशी आने की वजह से चालक संतुलन खो बैठा और कार लहराते हुए पेड़ से जा टकराई। कार में 4 युवक गुरुवार सुबह रोहतक से सीकर के लिए रवाना हुए थे। सीकर में उन्होंने कार सर्विस करवाने के लिए डाली हुई थी। कार की सर्विस पूरी हुई तो चारों कार लेने के लिए रोहतक से आए थे। इसी दौरान झुंझुनूं-चिड़ावा रोड पर सांवरिया होटल के पास दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में रोहतक (हरियाणा) निवासी मोनू पुत्र रामनिवास और मिंटू की मौत हो गई है। वहीं, जोगेंद्र और राजेंद्र हादसे में गंभीर घायल हो गए। हादसे को देख राहगीरों ने कार में फंसे हुए लहूलुहान युवकों को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से चिड़ावा हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दो मोनू और मिंटू को मृत घोषित कर दिया।

## केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय कराएगा विकास कार्य, डीपीआर बनाने के निर्देश

# पर्यटन के नक्शे पर छाएगा बूढ़ादीत का सूर्य मंदिर

**बेधड़क | कोटा**



कोचिंग सिटी के रूप में विख्यात कोटा जिले को पर्यटन के क्षेत्र में एक और सौगात मिलेगी। इसके तहत बूढ़ादीत के सूर्य मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से यह संभव हो रहा है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने बूढ़ादीत स्थित सूर्य मंदिर को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सैद्धांतिक रूप से चिह्नित किया है।

मंत्रालय ने राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग को पत्र लिख कर इसके लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए हैं। कोटा से करीब 55 किमी दूर बूढ़ादीत में स्थित सूर्य मंदिर नागर शैली में बना हुआ है। यह एक हजार से ज्यादा साल पुराना है। मंदिर का निर्माण किसने करवाया, इसकी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन ढलते हुए सूर्य के प्रतीक बूढ़े-आदित्य के कारण ही इस जगह का नाम बूढ़ादीत पड़ा। नागर शैली में बना यह मंदिर झालरापाटन के सूर्य मंदिर से भी पुराना है। अभी इसका संरक्षण राजस्थान पुरातत्व विभाग द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के पास एक कुंड भी है, जो भी उसी समय का है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का मानना है कि कोटा समेत सम्पूर्ण हाड़ौती क्षेत्र गौरवशाली विरासत से समृद्ध हैं।

यह विरासत बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर सकती हैं। इनके आस-पास मूलभूत सुविधाओं के विकास व इनको वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने के लिए अब तक गंभीर प्रयास नहीं हो सके। इसको देखते हुए उन्होंने केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय को कोटा-बूंदी के अनेक ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देकर वहां विभिन्न योजनाओं के तहत विकास करवाने को कहा है।

## उत्तर क्षेत्रीय संयुक्त राजभाषा सम्मेलन

# राज्यपाल मिश्र ने किया हिंदी के प्रति हीन भावना को खत्म करने का आह्वान

**बेधड़क | जोधपुर**

जिले के करवड़ स्थित आईआईटी परिसर में भारत सरकार के गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग की ओर से उत्तर क्षेत्रीय संयुक्त राजभाषा सम्मेलन में देश के दस राज्यों से कर्मचारी शामिल हुए। श्रेष्ठ सेवाओं के लिए इनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र भी शामिल हुए। उन्होंने राजभाषा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हिंदी के प्रति हीन भावना को खत्म करने पर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी ने हमारे मन में हिंदी के प्रति हीन भावना पैदा की है। इसलिए राजभाषा कर्मचारी हिंदी के प्रति हीन भावना समाप्त करने के लिए काम करें।

राज्यपाल ने कहा हिंदी हमारी राजभाषा है, लेकिन संविधान में 15 साल तक हिंदी की सहयोगी भाषा के तौर पर अंग्रेजी को रखा गया। कवि रामधारी सिंह दिनकर ने इसको लेकर राज्यसभा में कहा था कि कहीं ऐसा नहीं हो की ये भाषा अनंत काल तक रह जाए। उस समय रहे गृहमंत्री ने कहा था ऐसा नहीं होगा, लेकिन उनकी यह बात सही साबित हुई। आज भी अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व बना हुआ है। इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि हिंदी को व्यावहारिक रूप में स्थान दें। जिस विभाग में हम हैं उस विभाग में किसी भी प्रकार की हीनता का अनुभव नहीं करते हुए हिंदी भाषा का सदैव प्रयोग करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हिंदी को प्राथमिकता दी गई। भाषा के नजरिए से हिंदी समृद्ध भाषा है। हिंदी की चहुंमुखी विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी और क्षेत्रीय स्तर पर स्थानीय भाषा को महत्व दिया जाए। भाषा कोई भी बुरी नहीं होती बशर्ते की वो दूसरी भाषा पर राज करने या साम्राज्य जताने के लिए नहीं लाई जाती हो।

राज्यपाल ने कहा- भारत में अंग्रेजी भाषा ऐसी ही रही है। जिसने साम्राज्यवाद के बतौर लोगों में गहरी पैठ बनाई है। हिंदी आज भी बहुसंख्यक लोगों द्वारा बोली जाती है, लेकिन अंग्रेजी ने हमारी अपनी भाषा के प्रति हीन भाव पैदा किया है।



### हिंदी भारतीय संस्कृति का गौरव

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि हिंदी को मैं भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और भारतीयता का गौरव मानता हूं। हिंदी भाषा ने ही संस्कृति की जड़ों से सदा जोड़े रखा है। हमारे यहां हर कोस पर पानी और हर 4 कोष पर भाषा बदल जाती है, लेकिन इस बदली भाषा में हिंदी की जड़ें समाई हुई हैं।

### हिंदी में काम करने पर दिया जोर

राज्यपाल ने राजभाषा अधिकारियों को हिंदी के सांस्कृतिक राजदूत कहते हुए उनसे हिंदी के प्रति हीन भावना समाप्त करने के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जहां बहुत जरूरत नहीं है वहां नोटशीट और अन्य पत्रावलियां हिंदी में ही लिखी जाए। राजभाषा हिंदी ही वह माध्यम है जिससे देश की जनता की सांस्कृतिक, सामाजिक सहित अन्य योजनाओं को आखिरी छोर तक पहुंचाया जा सकता है।

### विकास के आरंभिक काल में अंग्रेजी पर जोर

समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि विकास के आरंभिक काल में अंग्रेजी को छोड़कर विश्व की अन्य भाषाओं पर काम नहीं किया गया। ऐसा मान लिया गया की कंप्यूटर अंग्रेजी भाषा ही समझ सकता है, लेकिन ये मिथक तोड़ दिया गया। अब कंप्यूटर में यूनिकोड में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने हिंदी को ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लेने पर जोर दिया।

### CBSE परीक्षा: स्कूलों, छात्रों व क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए दिशा-निर्देश जारी

# प्रेक्टिकल एग्जाम और प्रोजेक्ट असेसमेंट 1 जनवरी से होंगे शुरू

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के की कक्षा 10वीं व 12वीं के प्रेक्टिकल एग्जाम, इंटर्नल और प्रोजेक्ट असेसमेंट 1 जनवरी से शुरू होने जा रहे हैं। सीबीएसई ने इनको समय पर पूरा करने के लिए स्कूलों, छात्रों और अन्य स्टेक होल्डर्स को दिशानिर्देश जारी किए हैं। 12वीं कक्षा की प्रैक्टिकल परीक्षाएं केवल बोर्ड द्वारा नियुक्त बाहरी परीक्षकों द्वारा आयोजित की जाएंगी। बोर्ड के निर्देशों के मुताबिक स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रैक्टिकल परीक्षाओं का सिलेबस समय पर पूरा हो जाए। साथ ही प्रयोगशालाओं की तैयारी, भंडारण और आंतरिक परीक्षकों की पहचान जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर करनी होंगी। बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि स्कूलों की जिम्मेदारी है कि सभी छात्रों और अभिभावकों को उनकी ओर से आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट के बारे में सूचित किया जाए। साथ ही स्कूल से प्रैक्टिकल परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सूची की जांच ऑनलाइन प्रणाली से की जाए। संस्थान के



प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रेक्टिकल परीक्षाओं के वास्तविक संचालन की तारीख से पहले स्कूलों में पर्याप्त संख्या में व्यावहारिक उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हो गई हैं।

### छात्रों के लिए ये दिशा-निर्देश

सीबीएसई ने प्रैक्टिकल परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को निर्देश दिए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि उनके अध्ययन के विषय स्कूलों द्वारा प्रस्तुत उम्मीदवारों की सूची में सही ढंग से दर्शाए जा रहे हैं। उन्हें पाठ्यक्रम और उन विषयों के बारे में पता होना चाहिए जिनमें व्यावहारिक परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं। बोर्ड के निर्देशानुसार स्टूडेंट्स को शेड्यूल के अनुसार प्रैक्टिकल परीक्षाओं में शामिल होना होगा क्योंकि बोर्ड द्वारा प्रैक्टिकल परीक्षाओं में शामिल होने का कोई दूसरा मौका नहीं दिया जाएगा।

### क्षेत्रीय कार्यालय निभाएंगे मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी

सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रैक्टिकल परीक्षाओं के संचालन के लिए दिशानिर्देश बोर्ड द्वारा जारी होते ही स्कूलों के साथ साझा किए जाएं। साथ ही इन्हें सभी स्कूलों द्वारा प्रैक्टिकल परीक्षाएं अधिसूचित कार्यक्रम के भीतर पूरी करने और अंक अपलोड करने की मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय कार्यालयों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जहां भी लागू हो, कक्षा और विषयों में व्यावहारिक परीक्षा शुरू होने से पहले सभी स्कूलों में बाहरी परीक्षक नियुक्त किए जाएं व प्रेक्टिकल उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा शुरू होने से पहले स्कूल में पहुंचा दी जाएं।

## Yuva स्टोरीज



### बच्चों ने मंच पर साकार किया गीता सार

**जयपुर।** सीतापुरा स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल का एनुअल फंक्शन 'अभ्युत्थानम्' मानसरोवर स्थित आईआईएस डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता और स्कूल प्राचार्या डॉ. अंजू जयदीप ने शैक्षणिक क्षेत्र में श्रेष्ठ परिणाम और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम में आकर्षक लिबास में सजे-धजे बच्चों ने जीवन से संबंधित गीता सार की अहमियत एवं आधुनिक भारत की उपलब्धियों को दर्शाया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के उपदेशों एवं लीलाओं को आधुनिक समय से जोड़कर सुंदर एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। 'मैं ही सृष्टि, मैं ही द्दष्टा, मैं ही ब्रह्मा हूं' से अवगत कराते हुए नि:स्वार्थ कर्म करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सार्वभौमिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए वसुधैव कुटुंबकम् के जी-20 थीम पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ. अंजू जयदीप ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।



### SMS स्कूल के 4 छात्र टेकफेस्ट में हुए शामिल

**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्कूल के चार स्टूडेंट्स ने आईआईटी मुंबई की ओर से आयोजित 'एटमक्वेस्ट' प्रतियोगिता में शामिल हुए। स्कूल के छात्र सिद्धांत शर्मा, अभिमन्यु मेहता, आदित्य भंसाली और आव्यम चौधरी ने आईआईटी बॉम्बे के प्रसिद्ध टेकफेस्ट के दौरान आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लिया। ये सभी सवाई मानसिंह स्कूल में 11वीं कक्षा के स्टूडेंट्स है। इन छात्रों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों ने विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेज और स्कूलों की टीमों को पीछे छोड़ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।



### बच्चों ने बांधा समां पेरेंट्स ने लगाया जोर

**जयपुर।** नेहरू नगर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल व एमकेबी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का स्पोर्ट्स मीट इवेंट गुरुवार को स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टैगोर पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र रहे प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक रवींद्र उपाध्याय मौजूद रहे। स्कूल निदेशक पीडी सिंह और प्रिंसिपल प्रीति राठौड़ ने बच्चों को मोटिवेट किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ छात्रों की ओर से प्रस्तुत रंगारंग सूरजमुखी ड्रिल ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। प्री-प्राइमरी विंग में जेलिफिश रेस, बटरफ्लाई रेस और सांता रेस आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अभिभावकों के लिए आयोजित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं थी। अभिभावकों ने दौड़, बाइक दौड़ और गुब्बारा फोड़ दौड़ में जमकर जोर आजमाइश की। स्कूल स्टूडेंट्स ने इस अवसर पर डांस व सॉन्ग की कई लाजवाब प्रस्तुतियां दीं। पुरस्कार विजेताओं को अतिथियों की ओर से मेडल प्रदान किए गए। अपने बच्चों को पुरस्कार जीतते देख माता-पिता खुशी और उललास से भरे नजर आए।

### विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने किया निरीक्षण

# देववाणी के विकास के लिए काम करे SSIERT



बेधड़क | जयपुर

**जयपुर।** बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने महापुरा में संस्कृत शिक्षा में अनुसंधान व प्रशिक्षण के लिए स्थापित किए गए राजस्थान राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया।

पूर्व भाजपा सरकार में संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में बहुउद्देश्यीय संरचनाओं को मूर्त रूप देने व संस्कृत शिक्षा में पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण व विभिन्न नवाचारों के साथ संस्कृत शिक्षा को सरल रूप में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ साथ आमजन तक पहुंचाने के लिए उदयपुर में संचालित SIERT की तर्ज पर संस्कृत शिक्षा में SSIERT की स्थापना की गई थी।

इसका उद्देश्य संस्कृत शिक्षा विभाग में पारंपरिक संस्कृत के साथ साथ आधुनिक विषयों के पाठ्यक्रम, प्रश्नपत्र के साथ साथ बालकों के लिए ई-कॉन्टेंट तैयार करवाना था।



पिछले कुछ समय से यह संस्थान बदहाली के कगार पर था। विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने संज्ञान लेकर संस्थान का औचक निरीक्षण कर संस्थान के उपनिदेशक डॉ. चन्द्र प्रकाश शर्मा से संस्थान की उपलब्धियों एवं कार्मिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। संस्थान में स्वच्छता को लेकर निर्देश दिए, साथ ही संस्कृत शिक्षा विभाग की 100 दिवसीय कार्य योजना में संस्थान के कार्य को शामिल करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संस्थान को इस प्रकार कार्य करना चाहिए कि संस्थान की स्थापना का संस्कृतानुरागियों को फायदा मिले। इस दौरान डॉ. वर्मा ने संस्थान की स्थापना के बाद किए गए नवाचारों सहित विभिन्न विषयों पर प्रतिवेदन बनाकर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात डॉ. वर्मा ने ग्राम पंचायत भंभोरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी। उन्होंने अधिकारियों से कैंप से लाभान्वितों की जानकारी प्राप्त की एवं मोदी सरकार की योजनाओं से वंचित नागरिकों को जोड़ने के निर्देश दिए।



राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल परिसर में चल रही पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता के तीसरे दिन 12 मैच हुए। मेजबान राजस्थान विश्वविद्यालय का मैच महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय से हुआ, जिसे राजस्थान विश्वविद्यालय ने 85-62 से जीता। इसके साथ ही राजस्थान विश्वविद्यालय की टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। राजस्थान विश्वविद्यालय की टीम के कप्तान महावीर ने 13, अमन चौहान ने 6 और मानवेन्द्र ने भी 6 पॉइंट लिए।



### स्टूडेंट्स ने टीचर्स के साथ किया योगाभ्यास

बेधड़क | जयपुर

अटल सेवा सप्ताह के तहत योगाचार्य ढाकाराम के निर्देशन में स्कूल स्टूडेंट्स और टीचर्स ने योगाभ्यास किया। भारतीय अटल सेना (राष्ट्रवादी) के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत गुरूवार को इन्द्र पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर संरक्षक अंबिका सिंह राठौड़, महिला प्रदेश अध्यक्ष हेमलता पारीक एवं आनंदम प्रकल्प के राष्ट्रीय प्रभारी योगिराज योगी सहित विभिन्न कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यशाला में योगगुरु ढाकाराम ने बच्चों को योगाभ्यास करवाने के साथ ही उन्हें योग का महत्व भी समझाया। स्कूल निदेशक दीप सिंह रावत ने योगगुरु ढाकाराम, भारतीय अटल सेना (राष्ट्रवादी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.विष्णु सिंह जादौन व प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा का सम्मान किया। योगगुरु ढाकाराम ने स्टूडेंट्स और टीचर्स को योग का महत्व बताते हुए योगासनों का प्रशिक्षण दिया व मुस्कुराते हुए पढ़ाई करने, स्मरण शक्ति बढ़ाकर अव्वल आने के सूत्र भी बताए। दीप सिंह रावत ने बताया की नव वर्ष के पहले जनवरी माह से योगापीस संस्थान के सहयोग से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। योग कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए प्रदेशाध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### डॉ. SB झंवर को मिला बीकानेर गौरव अवॉर्ड

**जयपुर।** निर्विकल्प संस्था की ओर से एपेक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एसबी झंवर को बीकानेर गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

लालगढ़ पैलेस में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मान समारोह में हेल्थ सेक्टर में झंवर के उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। झंवर ने पुरस्कार का श्रेय समूह के कार्मिकों के अथक प्रयास को दिया।



झंवर ने बताया कि इस तरह के सम्मान से और अधिक बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। गौरतलब है कि आईटी, हेल्थ, एजुकेशन समेत विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के लिए यह सम्मान दिया जाता है। कार्यक्रम के आयोजक चंद्रशेखर श्रीमाली ने बताया कि यह संस्था की ओर से तीसरा सम्मान समारोह है, इसमें प्रदेश की उन विभूतियों को सम्मानित किया जाता है जो देश एवं विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे हैं।

**CUET PG- 2024** | परीक्षा 11 मार्च से, इस बार कई बदलाव

# इस बार सब्जेक्ट ऑप्शन घटे, समय भी मिलेगा कम

बेधड़क | जयपुर

देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न राजकीय व निजी विश्वविद्यालयों के मास्टर्स डिग्री कोर्सेस में वर्ष 2024 में दाखिले के लिए आयोजित किए जाने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET PG) 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस एंट्रेंस टेस्ट के लिए स्टूडेंट्स 24 जनवरी 2024 तक अपना पंजीकरण ऑनलाइन कर सकते हैं। NTA द्वारा लांच की गई आधिकारिक वेबसाइट pgcuet.samarth.ac.in पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत स्टूडेंट्स को पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और फिर रजिस्टर्ड डिटेल के माध्यम से लॉग-इन करके स्टूडेंट्स एग्जाम के लिए अपना रजिट्रेशन कर सकेंगे। एनटीए इस वर्ष भारत और विदेश के 324 शहरों में सीयूईटी परीक्षा 2024 आयोजित करेगा। परीक्षा पिछले साल 337 शहरों में आयोजित की गई थी। CUET PG इस साल विदेश के 24 शहरों में भी आयोजित किया जाएगा। परीक्षा का माध्यम भाषा के पेपर और एमटेक उच्च विज्ञान और आचार्य पेपर (हिंदू अध्ययन, बौद्ध दर्शन और भारतीय ज्ञान प्रणाली को छोड़कर) को छोड़कर अंग्रेजी और हिंदी दोनों में होगा।



### ये है CUET PG- 2024 का शेड्यूल

- आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि - 24 जनवरी
- परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि - 25 जनवरी
- आवेदन सुधार की तिथियां - 27 से 29 जनवरी
- एडवांस एग्जाम सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी होने की तिथि - 4 मार्च एडमिट कार्ड जारी होने की तिथि - 7 मार्च
- परीक्षा की तिथियां - 11 से 28 मार्च
- आंसर-की पर आपत्ति दर्ज कराने की तिथि - 4 अप्रैल
- परिणाम की तिथि - अभी घोषित नहीं

### इस बार CUET PG में ये हुए बदलाव

एनटीए ने इस वर्ष CUET PG में कई बदलाव किए हैं। एनटीए ने उम्मीदवारों के लिए अटैम्प्ट किए जा सकने वाले पेपरों की संख्या कम कर दी है। पिछले साल आवेदक कुल मिलाकर अधिकतम 20 टेस्ट पेपर कोड चुन सकते थे लेकिन इस बार अभ्यर्थी केवल चार पेपर कोड ही चुन सकेंगे। इसके साथ ही इस बार प्रश्नों की संख्या भी 100 से घटाकर 75 कर दी गई है। परीक्षा का समय भी इस बार कम कर दिया गया है। पिछली बार परीक्षा के लिए छात्रों को 2 घंटे का समय दिया गया था लेकिन इस बार 1 घंटा 45 मिनट ही मिलेगा। पिछले वर्ष के विपरीत एनटीए तीन पारियों में परीक्षा आयोजित करेगा। पहली शिफ्ट सुबह 9 से 10.45 बजे तक, दूसरी शिफ्ट दोपहर 12:45 से दोपहर 2:30 बजे तक और तीसरी शिफ्ट शाम 4:30 से शाम 6:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। आवेदन शुल्क की बात करें तो सभी श्रेणियों के लिए आवेदन शुल्क और अतिरिक्त परीक्षण शुल्क में भी वृद्धि की गई है। सामान्य उम्मीदवारों को अतिरिक्त टेस्ट पेपर में शामिल होने के लिए 600 रुपए अतिरिक्त देने होंगे, जबकि अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को 500 रुपए का भुगतान करना होगा।

# ऐसा सुपरस्टार, जिसकी तस्वीर से लड़कियां कर लेती थी शादी




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदी सिनेमा में राजेश खन्ना को पहला सुपरस्टार होने का मर्तबा हासिल है। एक दौर था, जब उनकी अदाओं की पूरी दुनिया दीवानी थी। ख़ास तौर से महिलाओं में राजेश खन्ना का ज़बर्दस्त क्रेज था। एवरग्रीन स्टार देव आनंद के बाद वे दूसरे ऐसे अदाकार थे, जिनकी हर अदा पर महिलाएं मर मिटती थीं। दिलों को जीत लेने वाली मुस्कराहट और गर्दन थोड़ी सी टेड़ी कर, जब वे अपनी आंखें झपकाते, तो उनकी यह अदा जादू सा कर जाती थी। तिस पर उनके गुरु कुर्ते के जानिब भी सभी की दीवानगी थी।

आलम यह था कि इस कुर्ते का चलन मर्दों तक ही महदूद नहीं था, बल्कि औरतों को भी यह ड्रेस खूब भाई थी। उस ज़माने में राजेश खन्ना की मक़बूलियत कुछ इस कदर थी कि बच्चों के नाम राजेश रखने का एक ट्रेंड सा चल गया था। उनके फीमेल फैंस के बारे में तो ऐसे-ऐसे क़िस्से हैं कि नई पीढ़ी को यक़ीन ही न हो। मसलन लड़कियां उनकी तस्वीर से शादी कर लेती थीं, उनकी तस्वीर अपने तकिए के नीचे रखकर सोतीं, अपने फेवरेट स्टार को ख़ून से चिट्ठियां लिखतीं और उनकी कार की धूल से अपनी मांग भर लेती थीं। ऐसा दीवानापन और मुहब्बत बहुत कम स्टारों को मिला है। फ़िल्मी दुनिया में राजेश खन्ना एक फ़िनोमिनन की तरह उभरे। तीन साल के दरमियान साल 1969 से लेकर 1972 तक उनकी लगातार एक के बाद एक पन्द्रह फ़िल्में सुपर हिट हुईं। लेकिन राजेश खन्ना इस स्टारडम को संभाल नहीं सके। कुछ अपने अहंकारी मिज़ाज, शूटिंग पर अक्सर लेट आना, तो कुछ फ़िल्मों के ग़लत चयन से वे एक बार पिछड़े, तो फिर दोबारा खड़े नहीं हो सके। अलबत्ता बीच-बीच में उनकी कुछ हिट फ़िल्में ज़रूर आती-जाती रहीं।

पंजाब के अमृतसर में 29 दिसम्बर, 1942 में जन्मे राजेश खन्ना का असल नाम जतिन खन्ना था। उनका परिवार बुनियादी तौर से लाहौर का था, जो बंटवारे से बहुत पहले मुंबई में बस गया था। राजेश खन्ना की सारी तालीम मुंबई में ही हुई। स्कूली दिनों में ही वे नाटकों में हिस्सा लेने लगे थे और कॉलेज में भी यह सिलसिला जारी रहा। पढ़ाई मुकम्मल हुई, तो फ़िल्मों में एक्टिंग करने का जुनून सवार हो गया। फ़िल्मों के लिए कई ऑडिशन दिए, पर बात नहीं बनी। राजेश खन्ना का फ़िल्मों में जाने का रास्ता 'टैलेन्ट हन्ट' कॉम्पिटिशन से खुला। उस वक़्त फ़िल्मफ़ेयर और यूनाइटेड प्रोड्यूसर्स कम्बाइन फ़िल्मों में नये टैलेन्ट को खोजने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हर साल 'टैलेन्ट हन्ट' कॉम्पिटिशन करता था। कॉम्पिटिशन के विजेताओं को फ़िल्म में काम करने का मौक़ा दिया जाता था। बहरहाल, राजेश खन्ना ने भी इस कॉम्पिटिशन के लिए फॉर्म भर दिया। हज़ारों नौजवानों के बीच अपनी शानदार अदाकारी से राजेश खन्ना ने यह कॉम्पिटिशन जीत लिया। कॉम्पिटिशन जीतते ही उन्हें एक साथ कई फ़िल्में मिल गईं, मगर उनके करियर का आग़ाज़ डायरेक्टर चेतन आनंद की फ़िल्म 'आख़िरी ख़त' (साल-1966) से हुआ। पहली ही फ़िल्म में उन्हें अपनी उम्र के हिसाब से मेच्योर रोल मिला, जिसे उन्होंने बख़ूबी निभाया। छोटे बजट की इस फ़िल्म ने बॉक्स ऑफ़िस पर कोई करिश्मा नहीं दिखाया। अलबत्ता इस फ़िल्म के गाने ज़रूर चले। साल 1967 में राजेश खन्ना जीपी सिप्पी की फ़िल्म 'राज', नासिर हुसेन-'बहारों के सपने' और 'औरत' में नज़र आए। लेकिन अफ़सोस यह सारी फ़िल्में नाकामयाब रहीं।



**राजेश खन्ना की पुण्यतिथि**

*'आनंद', 'अमर प्रेम', 'ख़ामोशी', 'बावर्ची', 'कटी पतंग' राजेश खन्ना की वे फ़िल्में हैं, जिन्हें कल्ट फ़िल्म का दर्जा हासिल है। इन फ़िल्मों में उनकी अदाकारी शिखर पर है। आज भी जब ये फ़िल्में टेलीविजन पर प्रसारित होती हैं, तो इन्हें लाखों दर्शक मिलते हैं।*

राजेश खन्ना द्वारा बोले गए यह डायलॉग ''आइ हेट टियर्ज, पुष्पा'' (फ़िल्म-अमर प्रेम), ''ज़िंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं बाबू मोशाय'' (फ़िल्म-आराधना), ''मैं मरने से पहले मरना नहीं चाहता।'' (फ़िल्म-सफ़र) आज भी उनके चाहने वालों के दिलों में हलचल मचाते हैं।

फ़िल्मों में मिली इस बेशुमार कामयाबी और हिंदी सिनेमा में उनके योगदान को देखते हुए राजेश खन्ना कई पुरस्कारों और सम्मान से भी नवाजे गए। 'सच्चा झूठा' (साल-1971), 'आनंद' (साल-1972) और 'अविष्कार' फ़िल्म में शानदार अदाकारी के लिए उन्हें तीन बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार मिला, तो वहीं इस पुरस्कार के लिए वे चौदह बार नॉमिनेट हुए। साल 2005 में उन्हें फ़िल्मफ़ेयर ने 'फ़िल्मफ़ेयर लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा। साल 2013 में मरणोपरांत भारत सरकार ने उन्हें देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्मभूषण' से सम्मानित किया। राजेश खन्ना सियासत के मैदान में भी उतरे और यहां भी वे कामयाब रहे। 1991 के आम चुनावों में वे भले ही अपने समय के बड़े लीडर लालकृष्ण आडवानी से नई दिल्ली लोकसभा सीट हार गए, पर बाद में हुए उप चुनाव में उन्होंने शत्रुघन सिन्हा को शिकस्त दी। बारहवीं लोकसभा चुनाव में राजेश खन्ना एक बार फिर कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़े, मगर उन्हें इसमें हार मिली। उसके बाद भी वे सियासत में सरगर्म रहे, मगर उन्हें उसका कोई फ़ायदा नहीं मिला। कांग्रेस पार्टी चुनावों के प्रचार में ही उनका इस्तेमाल करती रही। आख़िरी समय में उन्होंने राजनीति से पूरी तरह किनारा कर लिया। राजेश खन्ना का आख़िरी वक़्त बड़ा दर्दनाक बीता। जिन राजेश खन्ना के बंगले के आगे लोगों का चौबीस घंटे हुजूम लगा रहता था, आख़िरी समय में वे बिल्कुल अकेले हो गए थे। साल 2012 की 18 जुलाई वह तारीख थी, जब हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना ने इस दुनिया से अपनी आख़िरी विदाई ली।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## वैश्विक स्तर पर ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए सामाजिक भागीदारी जरूरी

# जलवायु सम्मेलन से क्या हुआ हासिल



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

*"सम्मेलन में पहली बार जलवायु परिवर्तन के संकट की व्यापकता और इस बारे में तत्काल कार्यवाही की जरूरत महसूस की गई और इस सत्य को पहचाना ही नहीं, स्वीकार भी किया गया कि इस संकट के समाधान हेतु हमें आपस में न केवल सहयोग करना होगा बल्कि साथ साथ इसका मुकाबला करना होगा। बावजूद इसके कि संपन्न और वंचित देशों के बीच विभाजन की खाई पहले की तरह बरकरार बनी रही।"*

जलवायु सम्मेलन हों या पृथ्वी सम्मेलन, सभी का आशय कहें या तात्पर्य यह रहता है कि हम धरती का बुखार कैसे कम करें या यूं कहें कि दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ रहा धरती का तापमान कम करने की दिशा में ऐसा क्या करें जिससे विनाश की ओर अग्रसर मानव जाति को बचाया जा सके। अभी तक दुनिया में जितने भी ऐसे सम्मेलन हुए हैं, उनके मूल में यही अवधारणा रही है। पिछले दिनों दुबई में लगभग दो सप्ताह चले दुनिया के तकरीब 200 देशों के काप-28 यानी कॉन्फ्रेंस आफ पार्टीज-28 के सम्मेलन के आयोजन के पीछे भी यही आशा-आकांक्षा थी कि इसमें जलवायु परिवर्तन को रोकने और भविष्य में उससे मिलने वाली चुनौतियों से कैसे निपटा जाए और इस दिशा में किस तरह की तैयारियां की जाएं। यहां यह भी जान लेना जरूरी है कि काप-3 में क्योटो प्रोटोकाल पर सहमति बनी, काप -8 में गरीब देशों की विकास सम्बंधी जरूरतों व जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने हेतु प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की जरूरत पर बल दिया गया,काप-16 में कानकुन समझौता समझौता हुआ जिसमें हरित जलवायु कोष, प्रौद्योगिकी तंत्र व कानकुन अनुकूलन ढांचे की स्थापना हुई तो काप-21 में पेरिस समझौता हुआ जिसमें वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल से दो डिग्री सेल्सियस नीचे रखने और इसे बाद में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई थी।

काप-28 से पहले आई संयुक्त राष्ट्र की अनेकों रिपोर्टों में यह कहा गया था कि आठ साल पहले यानी 2015 में हुए पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में वैश्विक स्तर पर कोई भी उचित प्रयास नहीं हुए हैं जिनकी बेहद जरूरत थी। दरअसल 2015 के पेरिस समझौते का मुख्य मकसद ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को इस हद तक कम करना था ताकि वैश्विक तापमान में वृद्धि औद्योगिक काल से पूर्व के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक न होने पाए। जबकि हकीकत कुछ और ही बयां करती है। हकीकत यह रही कि इस दिशा में जो भी प्रयास किए गए वे ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए।



सबसे बडी बात इस हेतु जो संरचनात्मक ढांचे की जरूरत थी, वे निर्मित ही नहीं किए गए। दरअसल इनके बारे में सोचा ही नहीं गया। फिर जिस सामाजिक भागीदारी की बेहद जरूरत थी, उसकी तो कल्पना ही नहीं की गई। जबकि वैश्विक स्तर पर ऐसी चुनौतियों से निपटना सामाजिक भागीदारी के बिना असंभव है। उम्मीद थी कि काप-28 में इस दिशा में मंथन होगा। ऐसी बैठकों-सभा-सम्मेलनों से समूची दुनिया को बहुत आशाएं-आकांक्षाएं होती हैं क्योंकि इनमें न केवल बहुतेरे देश सहभागिता करते हैं, वरन बहुतेरी वैश्विक संस्थाएं भी शामिल होती हैं जिनके सुझावों को न केवल अहमियत दी जाती है बल्कि उनकी सलाह-मशविरा से समस्या के हल की दिशा में सर्वमान्य हल भी निकलता है।

अब यह साबित हो चुका है कि जलवायु परिवर्तन से दुनिया को होने वाला नुकसान साल दर साल बढ़ता जा रहा है। इससे हर साल दुनिया को अरबों डालर की चपत लग रही है। हकीकत में दुनिया की जीडीपी को 1.8 फीसदी का नुकसान हो रहा है जो करीब 1.5 खरब डालर के बराबर है। वहीं भारत को करीब 8 फीसदी का नुकसान उठाना पड़ रहा है। 2022 में भारत को करीब 30 अरब डालर का नुकसान उठाना पडा है। यूरोपीय जर्नल आफ प्रिवेंटिव कार्डियोलाजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण 2019 में दुनिया में 11.94 लाख लोगों की मौत हुईं हैं। यूरोप में पिछले साल 70 हजार जबकि भारत में 7 लाख मौतें हुईं। यह इस बात का जीवंत प्रमाण है कि इस बाबत अभी तक उठाए कदम किस तरह बौने साबित हुए हैं। इस लिहाज से यह सम्मेलन महत्वपूर्ण था। महत्वपूर्ण इसलिए भी कि इस सम्मेलन में पहली बार जलवायु परिवर्तन के संकट की व्यापकता और इस बारे में तत्काल कार्यवाही की जरूरत महसूस की गई और इस सत्य को पहचाना ही नहीं, स्वीकार भी किया गया कि इस संकट के समाधान हेतु हमें आपस में न केवल सहयोग करना होगा बल्कि साथ साथ इसका मुकाबला करना होगा। बावजूद इसके कि संपन्न और वंचित देशों के बीच विभाजन की खाई पहले की तरह बरकरार बनी रही। इसे आप सम्मेलन की सफलता कह सकते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन की समस्या के मुकाबले के लिए सबसे बडी जरूरत पूंजी की है, कोष की है। जबकि यह मामला बरसों से विकसित देशों की इस बाबत आनाकानी के चलते उलझा हुआ है। जबकि सम्मेलन के अंतिम दिन जो सहमति बनी उसके अनुसार, सभी देश जीवाश्म ईंधन की जगह स्वच्छ ऊर्जा की ओर रुख करें और 2050 तक नेट जीरो तक पहुंचने, हरित ऊर्जा को साल 2030 तक तीन गुना तथा ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने, ट्रांजिशन फ्यूल का जिक्र करने (गौरतलब है इसका गैस से संदर्भ माना जा सकता है), देशों को अपने स्वैच्छिक जलवायु लक्ष्य 2024 तक पूरे करने और अमीर देशों द्वारा अपने जंगलों को कार्बन आफसेट के रूप में उपयोग करने के लिए गरीब देशों को भुगतान करने के जिक्र को यदि सम्मेलन की सफलता करार दी जाए तो इसे उपलब्धि तो नहीं माना जा सकता। असलियत में अहम सवाल यह है कि कार्बन कैप्चर तकनीक के जरिए नेट जीरो की राह बेहद खर्चीली है। इस तकनीक से 2050 तक नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने के लिए दुनिया को 30 खरब डालर की राशि अधिक खर्च करनी पड़ेगी। यह आसान नहीं है। विशेषज्ञों की नजर में इस तकनीक पर निर्भर रहना उचित नहीं है क्योंकि इससे सरकारें खुद को प्रतिस्पर्धी नुकसान की स्थिति में डाल लेंगी। इसे कठिन क्षेत्रों में आवश्यक उपयोग के मामलों के लिए आरक्षित किया जा सकता है। यह बेहद फिजूलखर्ची वाला रास्ता है। सबसे बडी विफलता यह ही है कि सम्मेलन में गरीब और विकासशील देशों को जलवायु लक्ष्य हासिल करने के लिए धन की आवश्यकता कैसे पूरी होगी, जलवायु महत्वाकांक्षा कैसे बढ़ेगी, ऐतिहासिक प्रदूषकों की जबावदेही क्या और कैसे तय होगी,ग्लोबल साउथ के लिए जलवायु लचीलापन और कम कार्बन ऊत्सर्जन की दिशा में बदलाव के वित्त पोषण के लिए प्रभावी तंत्र कैसा बनेगा, इस पर और जीवाश्म ईंधन के उत्पादन और खपत की कटौती के मामले में कोई खुलासा न होना संदेह उत्पन्न होता है।

केवल प्रस्तावों से कुछ नहीं होने वाला। वैश्विक तापमान वृद्धि के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार घरेलू कार्यों, परिवहन और बिजली उत्पादन आदि के लिए जीवाश्म ईंधन का उपयोग है। इस पर अंकुश बेहद जरूरी है। लेकिन 2050 तक जलवायु संकट के प्रमुख कारक जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल और उचित व न्यायसंगत तरीके से खत्म किए जाने पर सहमति एक अच्छा संकेत तो है लेकिन इसके लिए 27 वर्ष का समय देना न्यायोचित नहीं है। उस स्थिति में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में त्वरित कटौती की बात और स्वच्छ दुनिया की उम्मीद करना बेमानी है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# 'जॉब प्रोफाइल'



अर्चना त्यागी
व्यंग्यकार

शिवांश स्टेशन पर उतरकर ऑटो रिक्शा लेने के लिए बाहर आ गया। कई ऑटो वाले लाइन में खड़े थे। एक ऑटो वाला पीछे से आगे आया और शिवांश का ट्रॉली बैग उठाकर ऑटो में रख दिया। "बैठो साहेब, बहुत भीड़ है। दो ट्रेन एक साथ आई हैं। देर मत करो। जहां बोलो छोड़ दूंगा। पूरे शहर को जानता हूं।" शिवांश ऑटो की ओर बढ़ा तभी दूसरे ऑटो वाले चिल्लाने लगे," घणा हुशियार बन रिया है। इसकी टर्न ही नहीं है ऐ मे ई सवारी उठा रिया है।" शिवांश ने डरकर एक कदम पीछे खींच लिया।," क्या करते हो साहेब? जल्दी ऑटो में बैठो। आपको यहीं रहना है या घर जाना है?" उस ऑटो वाले ने चिल्लाकर कहा।," पर ये सब बोल रहे हैं तुम्हारी टर्न नहीं है।" शिवांश धीरे से बोला।," इनको बोलने दो। वो मेरी सिरदर्दी है। सवारी को देखकर खड़े रहेंगे बाद में बोलेंगे हमारा टर्न है। इनका रोज़ का यही है। रात की उतरी नहीं है इनकी। आप ऑटो में बैठो।" शिवांश उसके साथ चलकर ऑटो में बैठ गया। दूसरे ऑटो वाले अब भी उसे भला बुरा कह रहे थे। लेकिन वह मस्ती में अपना ऑटो चलाते हुए जा रहा था।

"तुमने उनकी बात क्यों नहीं सुनी?" शिवांश ने रास्ते में प्रश्न किया। "अरे साहेब बेवड़े हैं सब के सब। रात भर यहीं पड़े रहते हैं। जो कमाते हैं उसका आधा तो पीकर उड़ा देते हैं। मैं रात में घर चला जाता हूं। इनके साथ बैठकर पीता नहीं। सुबह घर से आता हूं तो बोलते हैं मेरा टर्न बाद में है।" "ओह यह बात। मुझे तो लगा था तुम ही गलत हो, लेकिन अंदर की बात तो कुछ और ही निकली।" शिवांश ने आश्वस्त होकर कहा। "आप क्या करते हो साहेब? कहां छोड़ना है आपको?" ऑटो वाले ने पूछा। "दो साल से बेरोजगार हूं। कोई मतलब की नौकरी मिली नहीं। यहां भी इंटरव्यू देने ही आया हूं।" शिवांश ने एक ठंडी सांस छोड़ते हुए कहा।," नौकरी मतलब की मत ढूंढो साहेब। पेट भरने की ढूंढो। ढूंढो नहीं लपक लो। आजकल अपना हक छीनना पड़ता है। मांगने से कुछ नहीं मिलता है।" ऑटो वाले की बात अब शिवांश की समझ में आ गई थी।," केमिकल फैक्ट्री की तरफ ले चलो। मुझे वहीं जाना है।" उसने कहा तो ऑटो वाला फिर बोलने लगा," शहर का दूसरा छोर है। दूसरी ट्रेन के टाइम से वापिस नहीं लौट पाऊंगा।" शिवांश ने उसकी बात का उत्तर दिया," मैं डबल किराया दूंगा। तुम्हारे साथ जाने में अच्छा लग रहा है भाई इसलिए मामा के घर ना जाकर सीधे उनकी फैक्ट्री में जा रहा हूं।" ऑटो वाला खुश हो गया। " फिक्र नॉट साहेब। फैक्ट्री पर ही छोड़ूंगा ले जाकर।"

किराया देने के लिए शिवांश ने वॉलेट बाहर निकाला। " कितना हुआ?" ऑटो वाला बोला," आज़ किराया नहीं लेता पर बोहनी का टाइम है तो दस रुपए दे दो साहेब।" शिवांश चौंक कर बोला," क्या? बस दस रुपए? लेकिन क्यों?" ऑटो वाला ऑटो से बाहर निकल आया," आज़ ज़रूर आपको नौकरी मिलेगी। अगली बार ले लूंगा। इस बार उधार रहा।" शिवांश हैरान था," अरे भाई नौकरी नहीं करता हूं फिर भी फ्री में कुछ नहीं लेता हूं, मैं। किराया तो तुम्हे लेना ही पड़ेगा।" उसने ज़ोर देकर कहा। "मैं सवारी नहीं छोड़ता तो किराया कैसे छोड़ दूंगा साहेब। अगली बार डबल लूंगा। पर तुम्हारी कमाई से लूंगा।" शिवांश ने बहुत सिर पटका लेकिन ऑटो वाला दस रुपए ही लेकर गया। बिना नहाए धोए, खाए पिए आज़ पहली बार शिवांश इंटरव्यू दे रहा था। उसने मामा की पहचान भी किसी को नहीं बताई।

"क्या क्या काम कर सकते हो जनाब?" इंटरव्यू में जैसे इसी सवाल की प्रतीक्षा कर रहा था शिवांश।," सर मुझे जॉब चाहिए। कोई भी काम कर लूंगा।" बॉस हैरान थे। उन्हे शिवांश के बारे में जो बताया गया था उसका जवाब वैसा नहीं था। उन्होंने फिर कन्फर्म किया "जॉब प्रोफाइल क्या है? मैं जानना चाहता हूं।" शिवांश ने पूरे आत्मविश्वास से कहा ," केवल जॉब चाहिए सर। प्रोफाइल ने दो साल से घर में बिठा रखा है।" बॉस पूरी तरह संतुष्ट हो गए। "आज़ ही से ज्वाइन करोगे?" उनका आखिरी सवाल था।," अभी से सर। ट्रेन से सीधे फैक्ट्री आया हूं। सामान चौकीदार के पास रखा है।" शिवांश के उत्तर पर बॉस कुर्सी से उठ कर खड़े हो गए," वेलकम, माई डियर। तुम्हारा सामान कंपनी के गेस्ट हाउस में रखवा दिया है। जल्दी से फ्रेश होकर वापिस आ जाओ।" शिवांश ने थैंक्यू सर बोला और चपरासी के साथ गेस्ट हाउस में चला गया। उसके दिमाग में बस एक ही बात घूम रही थी," अपना हक छीनना पड़ता है। नौकरी पेट भरने के लिए की जाती है।"

## नॉलेज कॉर्नर: सबसे अनुभवी पायलटों के लिए भी ये स्थिति चुनौतीपूर्ण

# इसलिए कोहरे से कैंसिल होती हैं फ्लाइट्स!

पूरे उत्तर भारत में सर्दी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद कई राज्यों को कोहरे ने अपनी चपेट में ले लिया है। कोहरे के कारण आम जनजीवन तो प्रभावित हुआ है। साथ ही यातायात भी काफी प्रभावित है। कोहरे के चलते आए दिन सड़क दुर्घटना की खबर सामने आ रही है। वहीं हवाई यात्रा भी कोहरे की मार झेल रही है। सर्दियों के मौसम में हर साल घने कोहरे की वजह से ढेरों फ्लाइट्स कैंसिल कर दी जाती हैं। वर्तमान में उत्तर भारत घने कोहरे की चपेट में है। इसकी वजह से घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कैंसिल की जा रहीं या उनके समय में फेरबदल किया जा रहा है। ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति बेहद खतरनाक होती है।

### न्यूनतम विजिबिलिटी 550 मीटर होती

विमान जब सफलतापूर्वक रनवे पर उतरता है तो उसे फिर से दृश्यता का मूल्यांकन करना जरूरी होता है। हर तरह के विमान और हवाई अड्डे के आसपास उड़ान भरने के लिए न्यूनतम दृश्यता की जरूरत होती है, जो रनवे के सभी बिंदुओं पर भिन्न-भिन्न हो सकती है। जब विमान न्यूनतम दृश्यता के सभी मानकों को पूरा करता, तब उसे उड़ान भरने की स्वीकृति दी जाती है। इसके बाद भी जब तक एक विमान हवा में निश्चित दूरी तय ना कर ले, तब तक दूसरे विमान को होल्डिंग प्वाइंट पर नहीं लाया जाता है।



कम दृश्यता प्रक्रियाओं (एलवीपी) के दौरान फ्लाइट की लैंडिंग भी चुनौतीपूर्ण होती है। मानकों के अनुसार, लैंडिंग के लिए जरूरी न्यूनतम विजिबिलिटी 550 मीटर होती है। इस कारण पायलट को लैंडिंग के लिए ऑटो पायलट का सहारा लेना पड़ता है। वर्तमान में दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई शहरों में विजिबिलिटी 100 से भी कम है। जिन एयरपोर्ट पर घने कोहरे की वजह से कम दृश्यता होती है, वहां फ्लाइट उतरने के लिए इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) की जरूरत पड़ती, ताकि विमान से संचार स्थापित किया जा सके।

### कोहरे से नुकसान

कोहरे में ज्यादा देर सांस लेंगे तो फेफड़ों में सर्दी लग सकती है। इससे खांसी, छींक, जुकाम हो सकता है। जिनकी इम्यूनिटी कम है उन्हें दिक्कत हो सकती है। इससे ब्रोन्काइटिस हो सकता है। खांसी के दौरे आ सकते हैं। कोहरे के साथ प्रदूषण मिलकर स्मोग बनाता है तो सतर्क हो जाएं। क्योंकि उसमें सल्फर डाईऑक्साइड कोहरे में मिलकर फेफड़ों को सीज करने लगते हैं। इससे दमा हो सकता है। जितना घना स्मोग होगा, नुकसान उतना ही ज्यादा होगा।

**टाक्सिंग कराना चुनौतीपूर्ण होता**

*कोहरा उड़ान में परेशानी के साथ-साथ हवाई अड्डे के ऑपरेशंस को भी बहुत ज्यादा प्रभावित करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोहरे के दौरान सबसे बड़ी परेशानी टेक ऑफ या लैंडिंग नहीं बल्कि फ्लाइट का रनवे पर टाक्सिंग (जब प्लेन रनवे पर चलता है) कराना होता है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
अब होगा 'न्याय का दंगल'! भारत की होनहार बेटियों के साथ दुर्व्यवहार, देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को धोखा - BJP क्या ये विरासत दे रही है देश को।स्वाभिमान और सम्मान - भारत के पहलवानों की बस इतनी सी मांग है।

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे दिल्ली, जदयू पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# JDU राष्ट्रीय परिषद की बैठक आज, लोकसभा चुनाव की बनेगी रणनीति

■ पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह के भविष्य पर फैसला संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली/पटना

जेडीयू राष्ट्रीय परिषद की बैठक दिल्ली में 29 दिसबंर को होनी है। इसके लिए पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता दिल्ली पहुंचे है।

वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंच गए हैं। जदयू की बैठक को लेकर बिहार में सियासी हलचल तेज है। लोकसभा चुनाव की तैयारी से पहले इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। बैठक से पहले जदयू के शीर्ष नेतृत्व में बदलाव की खबरों को लेकर तमाम तरह की कयासबाजी जारी है। वहीं, बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने भी बैठक के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से बात की।

बता दें कि दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अगर ललन सिंह पद से इस्तीफा देते हैं तो पार्टी को नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव करना



पड़ेगा। इस बीच गुरुवार को ललन सिंह ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफे को लेकर पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार पार्टी के सर्वमान्य नेता हैं और जदयू एक है एक ही रहेगा। इसके साथ, ललन सिंह ने यह भी कहा कि बीजेपी जितनी ताकत लगा ले हम एक हैं। इसके अलावा ललन सिंह ने मीडिया पर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि आपके मैनेजमेंट भारतीय जनता पार्टी के नियंत्रण में हैं। यह जदयू की नियमित बैठक है। ललन सिंह ने कहा कि जदयू की बैठक में जो भी होगा, उसका ड्राफ्ट पार्टी दफ्तर से ले लीजिएगा। उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड एक है और एक रहेगा।

#### सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला तैयार

जहां एक ओर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की अध्यक्ष पद की कुर्सी को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है, तो वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू यादव ने आपस मे लोकसभा सीटों का बंटवारा कर लिया है। ये जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। इंडिया गठबंधन में लोकसभा सीट बंटवारे को लेकर आपसी तालमेल बैठाने की कोशिश की जा रही है। बिहार में सीटों के बंटवारे का फार्मूला तैयार हो चुका है। सूबे में कुल 40 लोकसभा सीट हैं, जिसमें जेडीयू 17 सीट और आरजेडी 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी।लोकसभा चुनाव के लिए दोनों पार्टियां बराबर-बराबर सीटों पर मानी हैं, जबकि 6 बची हुई सीटों में से कांग्रेस को पांच और 1 सीट वाम दल को मिल सकती है, हालांकि अभी कांग्रेस को तय करना है कि वह अपने पास कितनी सीटें रखना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक, जेडीयू और आरजेडी ने अपनी सीटों के बंटवारे की जानकारी कांग्रेस आलाकमान को दे दी है।

#### नीतीश की भाजपा से नजदीकियों की चर्चा

नीतीश कुमार एक तरफ इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की कवायद में जुटे हैं, तो दूसरी तरफ भाजपा से उनकी फिर से नजदीकियों की भी चर्चा है। दिल्ली आने से पहले नीतीश ने अरुण जेटली की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। माना जा रहा है कि नीतीश अभी भी खुद को भाजपा से करीब मानते हैं और अकसर कहते हैं कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है।

---

### BJP राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले कैलाश विजयवर्गीय



**इंदौर।** मध्य प्रदेश में मंत्री बनने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। फिर एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत का हवाला देकर राष्ट्रीय जिम्मेदारी से खुद को मुक्त कर लिया। पार्टी अध्यक्ष नड्डा के साथ फोटो साझा करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि "आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफा सौपा।

### डीएमडीके प्रमुख कैप्टन विजयकांत का निधन



**चेन्नई।** डीएमडीके पार्टी के चीफ और एक्टर विजयकांत का गुरुवार को निधन हो गया। उन्हें कोविड पॉजिटिव होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सांस लेने में दिक्कत के बाद उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया था। गुरुवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि विजयकांत के निधन से अत्यंत दुख हुआ। तमिल फिल्म जगत के एक दिग्गज, उनके करिश्माई प्रदर्शन ने लाखों लोगों का दिल जीत लिया। एक राजनीतिक नेता के रूप में, वह सार्वजनिक सेवा के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध थे, जिसने तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा।

### 139वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने नागपुर में की बड़ी रैली

# देश में विचारधारा की लड़ाई... BJP में चलती है गुलामी: राहुल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के 139वां स्थापना दिवस पर गुरुवार को देशभर में जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। इस बीच पार्टी ने आरएसएस का गढ़ कहे जाने वाले नागपुर में बड़ी रैली की। इस रैली में कांग्रेस के तमाम दिग्गज जुटे। कांग्रेस की ओर से "हैं तैयार हम' की थीम पर रैली का आयोजन किया। कांग्रेस नेताओं ने इस दौरान मंच से भाजपा पर तीखे हमले किए। रैली को संबोधित करते हुए पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देश में चुनावी संघर्ष के अलावा विचारधारा की लड़ाई हो रही है।

उन्होंने कहा, लोगों को लगता है कि यह सत्ता की लड़ाई है, लेकिन इस लड़ाई की नींव विचारधारा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि इसलिए की जाती है क्योंकि वे एक विशेष संगठन से जुड़े होते हैं। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नागपुर में कांग्रेस की "हैं तैयार हम' रैली में दावा किया, बीजेपी के एक सांसद, जो पहले कांग्रेस में थे, उन्होंने मुझसे कहा कि बीजेपी में गुलामी चलती है। राहुल ने पूर्व कांग्रेसी नेता के हवाले से कहा, भाजपा में जो ऊपर से कहा जाता है, वो बिना सोचे समझे करना पड़ता है। जातिगत जनगणना की बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, हम केंद्र की सत्ता में आने के बाद जाति आधारित गणना कराएंगे।

इस रैली में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को भी शामिल होना था, लेकिन अचानक इन दोनों का नागपुर दौरा रद्द हो गया। दोनों नेता इस रैली में उपस्थित नहीं सकीं। हालांकि पहले दोनों नेताओं के रैली में शामिल होने की खबरें आई थीं। कांग्रेस की इस रैली को राजनीतिक जानकार लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत के तौर पर देख रहे हैं।

#### केंद्र में सत्ता आने पर कांग्रेस कराएगी जाति आधारित जनगणना






#### हम एनडीए को चुनाव में हराएंगे: पायलट

नागपुर में कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, "हम लोग पूरी तरह से तैयार हैं। नागपुर में आज शामिल हुए लाखों लोगों की भीड़ इस बात का संकेत है कि केंद्र सरकार के खिलाफ लोग अपना मन बना चुके हैं। हम मजबूती से चुनाव लड़ेंगे, हमारा इंडिया गठबंधन एनडीए को हराएगा और हम अपनी सरकार बनाएंगे।"

#### देश को तंग कर रही BJP और RSS

कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, पिछले 10 साल से भाजपा और आरएसएस देश को तंग कर रहे हैं। अगर संघ की सरकार को नहीं रोका गया तो देश बर्बादी की ओर जाएगा और देश का लोकतंत्र और संविधान खत्म हो जाएगा। नागपुर जैसे पवित्र स्थान पर महात्मा गांधी जी और अंबेडकर जी ने देश के लिए काम किया और सामाजिक न्याय के लिए लड़े। नागपुर क्रांतिकारियों की भूमि है और इसी भूमि पर अंबेडकर जी ने लाखों लोगों को एक विचारधारा से जोड़ा। नागपुर में जहां एक तरफ प्रगति की विचारधारा है। वहीं, दूसरी तरफ आरएसएस की विचारधारा है जो देश को बर्बाद कर रही है। पार्टी की रैली के बाद शाम को नागपुर में कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने बैठक की। बताया जा रहा है कि बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई।

### पूर्व क्रिकेटर YSR कांग्रेस में शामिल

# क्रिकेट के बाद सियासी पिच पर उतरे अंबाती रायडू



**एजेंसी** | नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने आंध्र प्रदेश की राजनीति में एंट्री ले ली है। 37 साल के रायडू जगन मोहन रेड्डी की पार्टी में शामिल हो गए हैं।

संन्यास लेने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पार्टी में शामिल हो गए। वह पार्टी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी की मौजूदी में पार्टी में शामिल हुए। रायडू ऐसे समय में पार्टी में शामिल हुए जब सभी दल आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगे हैं।

ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या पार्टी उन्हें लोकसभा चुनाव में टिकट देगी? गौरतलब है कि रायडू ने अपना आखिरी क्रिकेट मैच 29 मई को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेला था। राजनीति में आने से पहले उन्होंने मुद्दों को समझने के लिए अपने मूल गुंटूर जिले के कोने-कोने का दौरा किया और लोगों से मुलाकात की।

उन्होंने बुधवार को मीडिया से कहा था, "मैं लोगों की सेवा करने के लिए जल्द ही आंध्र प्रदेश की राजनीति में प्रवेश करूंगा। राजनीति में आने से पहले मैंने लोगों की नब्ज जानने और उनकी समस्याओं को समझने की और जिले के अलग-अलग हिस्सों का दौरा करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा था, मैं एक ठोस कार्य योजना लेकर आऊंगा कि राजनीति में कैसे जाना है और मैं कौन सा मंच चुनूंगा।

### प्रवर्तन निदेशालय ने चार्जशीट में जोड़ा कांग्रेस की महासचिव का नाम

# मनी लॉन्ड्रिंग: प्रियंका की बढ़ी मुश्किलें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई करते हुए ईडी ने जो चार्जशीट दायर की है। उसमें कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का नाम भी है। ईडी का कहना है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष प्रियंका गाधी वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा ने दिल्ली के एक रियल एस्टेट एजेंट से हरियाणा में जमीन खरीदी और उसे सीसी थम्पी को बेच दी थी।

जिस केस में प्रियंका गांधी का नाम आया है। वो फरीदाबाद के जमीन खरीदने और बेचने का मामला है। दरअसल साल 2005-2006 में बीच फरीदाबाद



के अमीपुर गांव में रॉबर्ट वाड्रा ने करीब 4018 एकड़ जमीन खरीदी थी। जिसे 2010 में उसी प्रोपर्टी डीलर पाहवा को बेच दी।

बिल्कुल इसी तरह से प्रियंका गांधी ने 2006 में पाहवा से जमीन खरीदी थी और 2010 में पाहवा को बेच दी। इस मामले में सबसे दिलचस्प बात ये है कि पाहवा और थंपी बेहद करीबी हैं।

उनके थंपी को भी अमीपुर में जमीन खरीदवाई थी। बता दें कि सीसी थंपी भगोड़े संजय भंडारी का करीबा है। जिस ईडी की विशेष अदालत ने 2020 में ही भगोड़ा घोषित कर दिया था।

#### कौन है संजय भंडारी

संजय भंडारी को विदेशी गाड़ियों का सौदागर कहा जाता है। संजय भंडारी पहले लग्जरी गाड़ियों को विदेश से भारत लाता था और दिग्गजों को बेच देता था। इसी बिजनेस के दौरान उसकी राजनीति के लोगों से पहचान हुई। जिसके बाद वो हथियारों की दलाली करने लगा।संजय भंडारी को साल 2020 को ईडी की विशेष अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया था। दरअसल 1 जून 2020 को ईडी ने संजय भंडारी की 3 कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। जिसके बाद ही उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। बता दें कि अभी तक संजय भंडारी की 26.55 करोड़ की संपत्ति को एजेंसी ने जब्त कर लिया है।

### खरगे ने AICC मुख्यालय पर फहराया ध्वज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के 139वें स्थापना दिवस समारोह पर दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया। कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस समारोह में AICC मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सांसद राजीव शुक्ला, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे

### अमित शाह के बयान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पलटवार

# CAA पर ममता का निशाना, लोगों को विभाजित करना चाहती है भाजपा

■ पार्टी कार्यकर्ताओं की रैली को किया संबोधित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नागरिकता संशोधन अधिनियम और "केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल' को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है। उत्तर 24 परगना जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि जब INDIA गठबंधन देश के बाकी हिस्सों में होगा, बंगाल में "केवल तृणमूल कांग्रेस होगी जो भाजपा का मुकाबला करेगी। इसके साथ ही ममता बनर्जी ने उन अटकलों को विराम दे दिया है, जिसमें पूछा जा रहा था कि पार्टी बंगाल में सीटों का बंटवारा करेगी या नहीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल अपनी कोलकाता यात्रा के दौरान कहा था कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन को कोई रोक नहीं सकता है। इस कानून का तृणमूल कांग्रेस विरोध कर रही है।

शाह ने कहा था, कभी-कभी वह लोगों, शरणार्थियों को गुमराह करने की कोशिश करती है कि क्या सीएए देश में लागू होगा या नहीं। मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि सीएए देश का कानून है और कोई भी इसके कार्यान्वयन को रोक नहीं सकता है।



यह हमारी पार्टी की प्रतिबद्धता है। दरअसल, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी साल 2019 में संसद से पारित हुए सीएए कानून का विरोध कर रही है। जिसको लेकर टीएमसी और बीजेपी आमने सामने हैं।

#### लोगों को गुमराह करने का आरोप

ममता बनर्जी ने फिर से पार्टी पर लोगों को "गुमराह" करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए मुफ्त राशन, पैन, आधार और स्वास्थ्य कार्ड की ओर इशारा करते हुए कहा, "जहां तक नागरिकता की बात है, याद रखें, आप सभी इस देश के नागरिक हैं। "उन्होंने कहा, "पहले, नागरिकता कार्ड जिला मजिस्ट्रेटों की जिम्मेदारी थी, लेकिन अब इसे केवल राजनीति के लिए छीन लिया गया है। वे लोगों को विभाजित करना चाहते हैं। वे इसे (नागरिकता) किसी को देना चाहते हैं और दूसरों को इससे वंचित करना चाहते हैं। यदि किसी (समुदाय) को नागरिकता मिल रही है तो दूसरे (समुदाय) को भी मिलनी चाहिए। यह भेदभाव गलत है।"ममता बनर्जी ने कहा कि बीजेपी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इसका इस्तेमाल कर रही है। बनर्जी ने कहा, मैंने राज्य के मंत्रियों को गांवों का दौरा करके स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार ने हमारा फंड भी रोक दिया है लेकिन हम राज्य के लिए अपना बेहतरीन प्रयास कर रहे हैं।

#### सभी धर्मों के सम्मान के महत्व पर जोर

इस मौके पर सीएम बनर्जी ने चुनावी विचारों से परे सभी धर्मों के सम्मान के महत्व पर जोर दिया। ममता बनर्जी ने चुनाव के दौरान धर्मों का राजनीतिकरण बंद करने का आग्रह किया। सीएम बनर्जी के अनुसार, दुनिया भर के धर्म हिंसा की वकालत नहीं करते बल्कि करुणा, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। ममता ने कहा, हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। दुनिया का कोई भी धर्म हमें हिंसा का प्रचार करना नहीं सिखाता। सभी धर्म हमें अधिक दयालु होना और प्रेम और भाईचारा से साथ रहना सिखाते हैं। हमें केवल चुनाव आने या राजनीतिकरण होने पर ही धर्मों का सम्मान करने में विश्वास नहीं रखना चाहिए।

## जरूरी खबर

### इलाहाबाद हाई कोर्ट चीफ जस्टिस होंगे भंसाली



**नई दिल्ली।** राजस्थान हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस अरुण भंसाली इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने उनके नाम की संस्तुति केंद्र सरकार को भेजी है। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की सेवानिवृति के बाद सीनियर जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। जस्टिस भंसाली की नियुक्ति के बाद हाई कोर्ट को मुख्य न्यायाधीश मिल सकेगा। जस्टिस भंसाली 8 जनवरी 2013 को राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। इससे पहले उन्होंने दीवानी, कंपनी, संवैधानिक और कराधान मामलों में जोधपुर खंडपीठ में प्रैक्टिस की।

### दिल्ली सरकार की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अस्पतालों में नकली दवा की सप्लाई मामले का मुद्दा गरमाया हुआ है। नकली दवा के मामले में दिल्ली सरकार फंसती नजर आ रही है। सतर्कता विभाग ने मामले की सीबीआई से जांच कराने के लिए गृह मंत्रालय के पास भेजा है। ऐसे में अब शराब पॉलिसी से जुड़े घोटाले की जांच का सामना कर रही दिल्ली सरकार को एक और जांच का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि इससे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पिछले हफ्ते उन दवाओं की कथित आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।

### आरोपियों का हो सकता है पॉलीग्राफ टेस्ट




**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक मामले में दिल्ली पुलिस आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दाखिल की टेस्ट की इजाजत मांगी गई है। इस मामले में 2 जनवरी को कोर्ट सुनवाई करेगा। फिलहाल सभी आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा लीगल रिमांड काउंसिल से आरोपियों की बात करना जरूरी है। बता दें कि 13 दिसंबर को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो लोग दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए थे। वहीं दो अन्य लोग संसद परिसर के बाहर प्रदर्शन किया था।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस अयोध्या धाम जंक्शन



*अयोध्या। अयोध्या रेलवे स्टेशन जिसे अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन कहा जाएगा। इसे 240 करोड़ रुपए के लागत से तैयार किया गया है जहां लिफ्ट, एसक्लेटर, फूड प्लाजा, पूजा सामग्री की दुकानों, क्लाक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हाल जैसी सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं हैं। पीएम मोदी इस रेलवे स्टेशन का शनिवार को उद्घाटन करेंगे साथ ही दो अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। जिसमें एक दरभंगा अयोध्या होते हुए आनंद विहार टर्मिनल तक जाएगी और दूसरी मालदा टाउन से सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनस बेंगलुरु तक जाएगी।*

## सुनहरी बाग मस्जिद हटाने के प्रस्ताव का विरोध



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लुटियन जोन में बने सुनहरी बाग मस्जिद को हटाने के प्रस्ताव के विरोध में दानिश अली ने पत्र लिखा है। हेरिटेज कंजर्वेशन कमेटी के चेयरमैन को लिखे पत्र में कहा गया है कि तकनीक के युग में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक उपाय किए जा सकते हैं, और इसके लिए मस्जिद को हटाना अंतिम विकल्प नहीं है। यह पत्र उस प्रस्ताव के बाद आया है, जिसमें लुटियन क्षेत्र के इस अति महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रास्ते के बीच बनी मस्जिद को हटाने के संदर्भ में लोगों से राय मांगी गई है।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा से अयोध्या को कई सौगात देंगे प्रधानमंत्री

# महर्षि वाल्मीकि के नाम पर होगा अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम

■ अयोध्या एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन का कल उद्घाटन करेंगे मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली



22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है उससे पहले 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में कनेक्टिविटी से जुड़ी कई प्रोजेक्ट्स की शुरुआत करने जा रहे हैं जिसमें नए एयरपोर्ट का उद्घाटन शामिल है। इसके अलावा वे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के साथ ही दो अमृत भारत ट्रेन के अलावा छह नए वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को अयोध्या का दौरा करेंगे और इस दौरान वहां के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। नई अमृत भारत व वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और नवनिर्मित अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। बमा दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को पीएम के शनिवार के दौरे के बारे में जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या का दौरा करेंगे वह पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे, नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। वह कई अन्य रेल परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

इसके बाद प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जहां वह राज्य में 15,700 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 11,100 करोड़ रुपए की परियोजनाएं और पूरे उत्तर प्रदेश में अन्य परियोजनाओं से संबंधित लगभग 4600 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शामिल हैं।

### छह नई वंदे भारत ट्रेन होंगी शुरू

पीएम छह नई वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इन छह वंदे भारत ट्रेनों में श्री माता वैष्णो देवी कटरा- नई दिल्ली, अयोध्या- आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत, कोयंबटूर - बेंगलुरु कैंट वंदे भारत , मैंगलोर -मडगांव वंदे भारत, जालना - मुंबई वंदे भारत शामिल है। प्रधानमंत्री 2300 करोड़ रुपए के अन्य रेल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### तैयार हुआ एयरपोर्ट का पहला फेज

पीएम शनिवार को दोपहर 12:15 बजे अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। अयोध्या एयरपोर्ट के पहले फेज को 1450 करोड़ रुपए की लागत के साथ तैयार किया गया है।

### दिल्ली में हुई अहम बैठक

## पूर्वी राजस्थान को जल्द मिलेगी ERCP की सौगात

एजेंसी | नई दिल्ली

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर बुधवार को नई दिल्ली के जल शक्ति मंत्रालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने की।

इस दौरान पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना भी बैठक में शामिल हुए और जल शक्ति मंत्री को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के संबंध में लिखित सुझाव दिए। किसान नेता रामनिवास मीना ने बताया कि उन्हें जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आश्वासन दिया है कि पूर्वी राजस्थान को शीघ्र ईआरसीपी की सौगात मिलेगी।

मीना ने बताया कि ईआरसीपी को लेकर हुई बैठक में राजस्थान और मध्यप्रदेश के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। राजस्थान से जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल और अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।



### 50 % निर्भरता पर स्वीकृति का रखा पक्ष

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने बताया कि उन्होंने जल शक्ति मंत्री के समक्ष 50 प्रतिशत निर्भरता पर ईआरसीपी की स्वीकृति का प्रमुखता से पक्ष रखा है। उन्हें जल शक्ति मंत्री ने कहा कि पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

### 290 उड़ानें प्रभावित, कई ट्रेनों के थमे पहिए

## दिल्ली समेत उत्तर भारत में घने कोहरे की मार, ठिठुरन बढ़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

राजधानी समेत पूरा उत्तर भारत लगातार गुरुवार को भी घने कोहरे के आगोश में रहा। इसके साथ चली सर्द हवाओं के कारण बढ़ी ठंड से लोग ठिठुरते रहे। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते रहे तो रेल व विमान सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने घने कोहरे से बचाव के लिए चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि आने वाले सप्ताह के लिए सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर घने कोहरा रहेगा। दृश्यता सीमा 199 मीटर से 50 मीटर तक या उससे भी कम हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से शुक्रवार को आंशिक बादल छा सकते हैं। दिल्ली में शुक्रवार के लिए रेड अलर्ट व 30 दिसंबर के लिए आरेंज और वर्ष के अंतिम व नए वर्ष के पहले दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। कोहरे के साथ सर्द हवाएं चलने के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। दिल्ली में मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे कम है।

कोहरे के चलते 290 उड़ानें प्रभावित हुईं, जिनमें 271 उड़ानों में विलंब रहा, जबकि डेढ़ दर्जन उड़ानों को रद्द करना पड़ा। एक उड़ान को डायवर्ट किया गया। अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान से जुड़ी 41 और घरेलू प्रस्थान से जुड़ी करीब 150 उड़ान विलंब की चपेट में आईं।

### ISIS के खिलाफ NIA का शिकंजा

**नई दिल्ली।** भारत में आईएसआईएस आतंकी साजिश पर अपना शिकंजा कसते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवादी संगठन के लिए भर्ती और धन जुटाने में शामिल छह लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है।

एनआईए ने इन सभी आरोपियों को महाराष्ट्र में विभिन्न छापेमारी के दौरान पकड़ा था। 400 पन्ने की दायर चार्जशीट में 16 संरक्षित गवाह है। एनआईए के अनुसार आरोपियों का इस्लामिक स्टेट के साथ सक्रिय संबंध थे और ये युवाओं को भारत के खिलाफ आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए प्रेरित करते थे।

## मोदी को UAE में मंदिर के उद्घाटन का न्योता




*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबुधाबी में बने पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि अबू धावी में 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन समारोह होगा। बीएपीएस के स्वामी ईश्वरचरणदास और स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने प्रधानमंत्री मोदी को मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया था और प्रधानमंत्री मोदी ने इस न्योते को स्वीकार किया है।*

### इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने की योगदान की अपील

# भारत अगले दो वर्ष में करेगा G20 उपग्रह लॉन्च

एजेंसी | मुंबई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस. सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि भारत ने सदस्य देशों से जी20 उपग्रह के लिए योगदान करने का आग्रह किया है। सदस्य देशों से कहा गया है कि वे प्रस्तावित उपग्रह के लिए पेलोड, उपकरणों के माध्यम से योगदान दें। इस उपग्रह को अगले दो वर्षों में लॉन्च किया जाएगा। सितंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण और जलवायु अवलोकन के लिए जी20 उपग्रह लॉन्च करने का प्रस्ताव दिया था। आईआईटी बॉम्बे के वार्षिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव में सोमनाथ ने कहा कि मौसम और जलवायु महत्वपूर्ण पहलू होने वाले हैं। भारत वायु प्रदूषण, ग्रीनहाउस उत्सर्जन, वर्षा, महासागर, मिट्टी की नमी और विकिरण जैसे विभिन्न मापदंडों को मापकर इस क्षेत्र में योगदान देना चाहता है। हमने एक उपग्रह बनाने करने की पेशकश की है। हम जी20 देशों से पेलोड, उपकरणों के जरिये इस उपग्रह में योगदान करने के लिए कह रहे हैं। हम अगले दो वर्षों में इस उपग्रह को लॉन्च करने जा रहे हैं। यह पूरी दुनिया के लिए भारत का योगदान होगा। ये डाटा पूरी दुनिया और हर देश के लिए उपलब्ध हों ताकि इसका उपयोग अपने मौसम संबंधी मॉडल और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए कर सकें।



### 50 उपग्रह लॉन्च करने की तैयार


सोमनाथ ने कहा भारत खुफिया जानकारी जुटाने के लिए पांच साल में 50 उपग्रह लॉन्च करने की योजना बना रहा है। इन उपग्रहों से सैनिकों की आवाजाही को ट्रैक करने और हजारों किलोमीटर क्षेत्र की तस्वीरें भी ली जा सकेगी। इससे देश के लिए खतरों को बेहतर ढंग से कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, परिवर्तनों का पता लगाने के लिए उपग्रहों की क्षमता में सुधार करना, डाटा का विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) संबंधित और डाटा-संचालित 2दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। सोमनाथ ने कहा, अगर भारत इस पैमाने पर उपग्रह लॉन्च कर सकता है, तो देश के लिए खतरों को बेहतर ढंग से कम किया जा सकता है।

### छह जनवरी को गंतव्य पर पहुंचेगा आदित्य एल-1

सोमनाथ ने कहा कि भारत का पहला सौर मिशन आदित्य एल-1 छह जनवरी 2024 को शाम चार बजे लैग्रेंज प्वाइंट पर पहुंचने वाला है। आदित्य पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल-1) की पास की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करेगा। इसे दो सितंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था।

## देश में कोविड के 702 नए मामले, छह की मौत

एजेंसी | नई दिल्ली



देश में गुरुवार को कोरोना के 700 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इस दौरान छह लोगों की मौत भी हुई है। इसके अलावा कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 देश के कई शहरों तक पहुंच चुका है। दिल्ली, गुरुग्राम, अजमेर समेत कई शहरों में इस वैरिएंट की पुष्टि हो चुकी है। इस समय देश में जेएन.1 के 100 से ज्यादा मरीज हैं। देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 702 नए मामले सामने आए। इस दौरान छह कोरोना संक्रमितों की मौत भी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को आंकड़े जारी कर बताया, देश में कोरोना के मामलों की संख्या बढ़कर 4,097 पहुंच गई है। देश में जिन छह लोगों की मौत हुई है, उनमें महाराष्ट्र के दो और कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, दिल्ली से एक-एक मरीज की मौत हुई है। देश में इस साल सबसे ज्यादा मामले 22 दिसंबर को दर्ज किए गए थे, इस दिन 752 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली में अभी तक जेएन.1 के केवल एक ही मरीज की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि वह मरीज भी अब स्वस्थ हो चुका है और अपने घर लौट चुका है।

## किंग खान ने 2023 में एक के बाद एक दी तीन सुपरहिट मूवीज

# 'बादशाह' की BO पर 'सुपर हैट्रिक'

### एक ही साल में देश में 500 और वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ की कमाई करने वाले पहले एक्टर

**शिवराज गुर्जर.बेधड़क जयपुर।** शाहरुख खान को ऐसे ही किंग खान नहीं कहा जाता। उनकी बॉलीवुड में वापसी बहुत ही जबरदस्त रही। उनकी 2023 में सुपरहिट मूवीज की हैट्रिक हो गई है। उन्होंने एक के बाद एक करके तीन हिट मूवीज दी है। इसके साथ ही वे बॉलीवुड के बादशाह से बॉक्स ऑफिस के भी बादशाह बन गए हैं। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड के अनुसार वे एक ही साल में देश में 500 और वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ की कमाई करने वाले पहले एक्टर बन गए हैं। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसे तोड़ने में किसी भी अभिनेता को कुछ साल लगेंगे। किसी भी बड़े हिंदी अभिनेता की एक ही साल में कई फिल्में रिलीज नहीं होंगी और वह भी हर फिल्म ब्लॉकबस्टर यह जरूरी नहीं है।





#### जवान का ब्लॉकबस्टर बिजनेस

जवान ने पूरे भारत में सभी भाषाओं में 643 करोड़ का नेट कलेक्शन किया जो किसी भी हिंदी फिल्म के लिए सबसे ज्यादा है। फिल्म ने केवल हिंदी में 580 करोड़ की कमाई की और बाकी डब संस्करण में, दोनों ही एक हिंदी फिल्म के लिए अब तक के रिकॉर्ड हैं। फिल्म मामूली अंतर से शाहरुख खान की अन्य स्टार फिल्म 'पठान' से विदेशी रिकॉर्ड बनाने से चूक गई।

#### तीन फिल्में, वर्ल्डवाइड कमाई 2535 करोड़

शाहरुख खान की 2023 में रिलीज हुई तीन मूवीज ने वर्ल्डवाइड 2535 करोड़ रुपए की कमाई की है। किसी भी हिंदी एक्टर के लिए यह पहली उपलब्धि है कि एक ही साल में उसकी तीन मूवीज रिलीज हों, तीनों हिट हों और तीनों का मिलाकर के इतना कलेक्शन हो। शाहरुख की तीनों मूवीज की वर्ल्डवाइड कमाई पर नजर डालें तो पठान ने 1055 करोड़, जवान ने 1160 करोड़ का कलेक्शन किया है। साल के अंतिम माह में रिलीज हुई डंकी मात्र सात दिन में 320 करोड़ की वर्ल्डवाइड कमाई कर चुकी है और यह सिलसिला अभी जारी है।

#### 'पठान' के साथ की वापसी

शाहरुख ने साल की शुरुआत YRF की फिल्म 'पठान' से ड्रीम कमबैक के साथ की। फिल्म ने हिंदी में 524 करोड़, सभी भारतीय भाषाओं में 545 करोड़ और दुनिया भर में 1055 करोड़ की कमाई के साथ 49.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी कारोबार किया। यह फिल्म विदेशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म रही और उस रिकॉर्ड को तोड़ने में कुछ समय लगेगा। शाहरुख की तीसरी रिलीज डंकी ने 8 दिनों में दुनिया भर में 320 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म प्रदर्शन के अंत तक दुनिया भर में 400 करोड़ या उससे अधिक की कमाई कर लेगी।

## रामाज पर अपनों के संग यादगार रहेगी न्यू ईयर पार्टी




**बेधड़क. जयपुर।** रामाज ने नए साल की पार्टी को यादगार बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। इसमें फूड, डांसिंग और डीजे का तड़का होगा और साथ ही कपल एंट्री भी रहेगी। गौरतलब है कि न्यू ईयर पार्टी को लेकर सभी के अंदर एक्साइटमेंट होती है, लेकिन इसके साथ ही अपनी सेहत का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। नए साल पर बहुत लोग पार्टी प्लान करना पसंद करते हैं। अपनों के साथ नए साल का स्वागत करना चाहते हैं तो 31 दिसंबर की शाम को 8बजे से रामाज पर ही जश्न कर सकते हैं। यह जश्न परिवार, आस-पड़ोस और दोस्तों के साथ एंजॉय कर सकते हैं। रामाज पर न्यू ईयर पार्टी पैकेज 1155 रुपए से स्टार्ट है, जिसमें कपल एंट्री, फूड, डांसिंग और डीजे पार्टी और भी बहुत कुछ शामिल है। पार्टी के साथ ही दोस्तों या परिजनों के साथ नए साल में घूमने की योजना बना रहे लोगों के लिए भी अच्छी बात है। साल की शुरुआत वीकेंड से हो रही है। 30 और 31 दिसंबर को शनिवार व रविवार है। इसके बाद 1 जनवरी को सोमवार है। ऐसे में जो लोग घूमने जाना चाहते हैं, वह शनिवार और रविवार की छुट्टी और नए साल यानी 1 जनवरी की छुट्टी का लाभ उठा सकते हैं। तीन दिन की यादगार ट्रिप पर वे टोंक , निवाई , सवाई माधोपुर के कई पर्यटन स्थलों की सैर कर सकते हैं।

## 22 जनवरी को आएगा बड़े मियां, छोटे मियां का टीजर



**बेधड़क. जयपुर।** अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के टीजर की रिलीज डेट सामने आ गई है। सूत्रों के अनुसार मेकर्स इस मूवी का टीजर अगले साल 22 जनवरी को आउट करेंगे। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे डाइरेक्टर अली अब्बास जफर निर्देशित करेंगे। इस मूवी को प्रोड्यूस कर रहे हैं जैकी भगनानी, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, अली अब्बास जफर, हिमांशु किशन मेहरा और सरवर मोहम्मद। हालांकि, इस मूवी के नाम से ऐसा लग रहा है कि यह गोविंदा और अमिताभ बच्चन स्टारर मूवी बड़े मियां, छोटे मियां का सीक्वल है, लेकिन मेकर्स ने स्पष्ट कर दिया है कि इसका उस फिल्म से कोई कनेक्शन नहीं है। यह एक सेपरेट कहानी वाली फिल्म है। दोनों में केवल नाम के अलावा और कोई सिमिलेरिटी नहीं है। इस मूवी खास बात यह है कि इसमें वही पृथ्वीराज सुकुमारन विलन है जो इन दिनों सलार की वजह से चर्चा में है।


## City इवेंट्स

### मेहता को डीएसपी की मानद उपाधि




**बेधड़क. जयपुर।** भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) के संस्थापक और मुख्य संरक्षक पदमभूषण देवेन्द्र राज मेहता को मानव सेवा में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें डॉक्टर ऑफ साइंस (डीएसपी) की मानद डिग्री से सम्मानित किया। उन्हें यह उपाधि नई दिल्ली के लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान के दीक्षान्त समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदान की। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि अपेक्षाकृत कम खर्च कर विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान कर लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। गौरतलब है कि 85 वर्षीय डीआर मेहता पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रह चुके हैं और वह सेबी के प्रथम चेयरमैन और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर भी रह चुके हैं। वर्ष 2008 में मानव सेवा विषेष कर विकलांगों के पुर्नवास के लिए उनकी सेवाओं को देखते हुए राष्ट्रपति ने वर्ष 2008 में पद्मभूषण से सम्मानित किया था। उन्हें राजीव गांधी राष्ट्रीय सदभावना पुरस्कार, अमेरिका केटैक म्यूजियम इनोवेशन पुरस्कार, दलाई लामा द्वारा दिया जाने वाले दिवाली बहन, सीएनबीसी पुरस्कार के अलावा सतपाल मित्तल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय और एमिटी विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा पीएचडी और कोटा ओपन विवि द्वारा मानद डीलिट उपाधि भी दी चुकी है।


### तमिल स्टार विजयकांत नहीं रहे



**बेधड़क. जयपुर।** तमिल फिल्म इंडस्ट्री से एक बुरी खबर सामने आई है। तमिल सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और डीएमके नेता विजयकांत की मृत्यु हो गई है। वो 71 बरस के थे। डीएमके के फाउंडर नेता रहे विजयकांत और तमिल फिल्म स्टार लंबे वक्त से अस्पताल में भर्ती थे। फिल्म स्टार विजयकांत निमोनिया की शिकायत के चलते भर्ती हुए थे, जिसके बाद फिल्म स्टार कोविड-19 का शिकार हो गए। इसके बाद फिल्म स्टार की बिगड़ती हालत के चलते उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। जहां फिल्म अभिनेता ने आखिरी सांस ली। उनके परिवार में पत्नी प्रेमलता और बेटों शनमुगा पांडियान और विजय प्रभाकरण हैं। साल 2017 में उनकी ट्रांसप्लांट सर्जरी भी हुई थी। जिसके लिए वो अमेरिका गए थे। इसके बाद साल 2022 में भी उनकी एक अंगूठे संबंधी सर्जरी हुई थी। अब उनके निधन की खबर से एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया में शोक की लहर है। विजयकांत लंबे वक्त तक फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव रहे थे। उनकी मूवी 'सातम ओरु इरुतराई' साउथ की बड़ी हिट मूवी रही थी। इस मूवी को बाद में मलयालम, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में भी रीमेक किया गया था। अभिनेता ने करीब 3 दशक तक कई हिट फिल्में दर्शकों को दी थीं। विजयकांत उन बहुत कम तमिल फिल्म अभिनेताओं की लिस्ट में शामिल रहे जिन्होंने अपने फिल्मी करियर में सिर्फ तमिल फिल्मों में ही काम किया था। विजयकांत को फिल्म उद्योग में 'पुरैची कलिंगर' यानी क्रांतिकारी कलाकार कहा जाता था।

## अभिषेक बच्चन की सुपरहिट फ्रेंचाइजी से विदाई!

# चौथे पार्ट में इंस्पेक्टर के रूप में रामचरण तेजा मचाएंगे 'धूम'



**बेधड़क | जयपुर**

धूम यशराज फिल्म्स की सुपरहिट फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके अब तक तीन पार्ट आए हैं और तीनों ही सुपरहिट रहे हैं। इस सीरीज की खास बात यह है कि इस मूवी में हीरो विलन रहता है, यानी कि सारी हाइलाइट विलन ही लूट ले जाता है, लेकिन इस बार यह इतिहास बदलने वाला है। कारण, इसमें एंट्री होने वाली साउथ के सुपरस्टार आरआरआर फेम रामचरण तेजा की। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के अनुसार वो इसमें अभिषेक बच्चन को रिप्लेस करने वाले हैं। ऐसे में यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि आरआरआर का यह लीड एक्टर ऐसे रोल के लिए तो हां भरने से रहा, जिसमें उसके करदार पर विलन भारी पड़ जाए।

सूत्रों के अनुसार मेकर्स अब कॉप के कैरेक्टर को मजबूत बनाने वाले हैं। जब हीरो मजबूत होगा और विलन भी सॉलिड होगा तो मुकाबले का रंग ही अलग होगा।

गौरतलब है कि इस मूवी में हीरो अभिषेक बच्चन हैं, जो एक कॉप का रोल निभा रहे हैं, लेकिन उनके नाम से यह मूवी किसी को याद नहीं है। इसे इसके विलन के नाम से जाना जाता है। इसके पहले पार्ट में जोन अब्राहम विलन थे, जो महफिल लूट ले गए थे। दूसरे पार्ट में ऋतिक रोशन की एंट्री हुई और इसके बाद आया मूवी का तीसरा पार्ट जिसमें आमिर खान हीरो थे। उन्होंने वो रंग उड़ाया कि अभिषेक उसमें कहीं दबकर रह गए।

## फैंस को अखरी रणबीर कपूर की हरकत

# शराब वाले केक में आग लगाकर 'एनिमल' बोला... जय माता दी



**बेधड़क | जयपुर**

एनिमल मूवी से इन दिनों चर्चा में चल रहे रणबीर कपूर को उनकी एक हरकत भारी पड़ गई। उन्होंने शराब वाले केक में आग लगाकर 'जय माता दी' बोल दिया। इसके लिए उनके खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज करवाई गई। लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। यह हरकत रणबीर ने क्रिसमस के मौके पर कर दी। कपूर खानदार में हर त्योहार को धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार का क्रिसमस पूरे परिवार में घर की नन्ही सदस्य राहा के साथ मनाया जा रहा था। इस मौके का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में देखा गया कि कपूर परिवार एक ही डायनिंग टेबल पर बैठा होता है और टेबल पर केक रखा होता है। इस पर फैमिली का एक सदस्य केक पर शराब डालता है और रणबीर हाथ में चाकू लेकर उस केक को काटने के लिए बैठे होते हैं। वीडियो के आखिर में रणबीर कपूर केक पर गिरी शराब में लाइटर से आग लगाते हैं और फिर जयमाता दी बोलते हुए केक कट कर देते हैं। इस दौरान घर का हर सदस्य खुश होता है, लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों को रणबीर कपूर की ये हरकत जरा भी पसंद नहीं आई। रणबीर कपूर को बुरी तरह ट्रोल किया जा रहा है। लोगों ने एक्टर पर हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। इस वीडियो ने एंटरटेनमेंट जगत के फैंस के फैंस को नाराज कर दिया है।

**ध्रुवपद धरोहर** | 29वें अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद विरासत समारोह का समापन

# वायलिन पर सुरीली धुनें, ध्रुवपद गायन में आध्यात्मिक एहसास

**बेधड़क | जयपुर**

वायलिन वादन और ध्रुवपद गायन के साथ महफिल सजी और कला जगत में योगदान देने वाले लोगों को अवॉर्ड दिए गए तो कला प्रेमी गर्व से भर उठे। मौका था इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट की ओर से आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद-विरासत समारोह 'ध्रुवपद धरोहर' के समापन समारोह का। आरआईसी, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला की सहभागिता और कला, संस्कृति, साहित्य एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह का दीप प्रज्ज्वलन पंडित विश्वमोहन भट्ट, डॉ. संतोष नाहर, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मधु भट्ट तैलंग, ट्रस्टी पंडित रवि शंकर भट्ट तैलंग एवं समारोह के सह संयोजक डॉ. श्याम सुंदर शर्मा द्वारा किया गया।



### पं. विश्वमोहन भट्ट और संतोष कुमार को अवॉर्ड

इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से कला जगत में अभूतपूर्व योगदान के लिए ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पद्मभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट एवं दिल्ली के विख्यात बेला वादक डॉ. पं. संतोष कुमार नाहर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पद्मश्री उ. फैयाज वासिफुद्दीन खां डागर को नादब्रह्म मूर्ति सम्मान से नवाजा गया।

### वायलिन पर 'केसरिया बालम'


ध्रुवपदाचार्य पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग एवं प्रोफेसर डॉक्टर मधु भट्ट तैलंग के संयोजन में हो रहे इस समारोह में भागलपुर मिश्रा घराने के विख्यात बेला वादक डॉ. पं. संतोष कुमार नाहर ने वायलिन की धुनों से ऐसी मिठास घोली जो श्रोताओं के दिल को छू गई। डॉ. नाहर की प्रस्तुति में तंत्र अंग के साथ बेहतरीन गायकी अंग एवं तैयारीपूर्ण वादन सुनने को मिला। वायलिन पर 'केसरिया बालम' की धुनों से डॉ. नाहर ने सभी को राजस्थान के रंग में रंग दिया। तबले पर दिल्ली के पं. अभिषेक मिश्रा ने संगत की।

### कृष्ण और शिव की स्तुति

जयपुर के डागर घराने के गायक पद्मश्री उ. फैयाज वासिफुद्दीन खां डागर ने राग चंद्रकौंस में आलाप कर सुरों को साधा और चौताल में बंदिश 'निरंजन निरंकार परब्रह्म परमेश्वर' गाकर माहौल को कृष्णमय बना दिया। पखावज पर पं. राधे श्याम शर्मा ने संगत कर प्रस्तुति को खास बनाया। कार्यक्रम का संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया।

### हादसे में आंध्र प्रदेश के अमलापुरम शहर के एक ही परिवार के 6 लोगों ने तोड़ा दम

# टेक्सास में भीषण सड़क हादसा छह की मौत



**एजेंसी** | ह्यूस्टन

अमेरिका के टेक्सास में भीषण सड़क हादसे में दो बच्चों सहित भारतीय मूल के एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। 'टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी' (डीपीएस) ने बताया कि दुर्घटना उस वक्त हुई जब जॉनसन काउंटी के पास एक वैन और एक ट्रक आमने-सामने से टकरा गए। वैन में आंध्र प्रदेश के अमलापुरम शहर के एक ही परिवार के सात लोग सवार थे। उनमें केवल लोकेश पोटाबाथुला (43) नामक व्यक्ति की जान बची। वह गंभीर रूप से घायल है।

डीपीएस ने वैन चालक की पहचान इरविंग के रुशिल बैरी (28) के रूप में की। उन्होंने अन्य मृतकों की पहचान लोकेश की पत्नी नवीना पोटाबाथुला (36) उनके बच्चे कार्तिक पोटाबाथुला (10) और निशिधा पोटाबाथुला (9) और माता-पिता नागेश्वरराव पोन्नाडा (64), सीतामहालक्ष्मी पोन्नाडा (60) के रूप में की। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि बुजुर्ग व्यक्ति भारत से अपनी बेटी नवीना और नाती-नातिन कार्तिक और निशिधा से मिलने आए थे।

### सीट बेल्ट नहीं लगाई थी

भारतीय मिशन के मुताबिक, दंपती एल1 वीजा पर टीसीएस के लिए काम कर रहा था तथा हादसे में मारे गए लोग मुम्मीदीवरम के विधायक पी. वेंकट सतीश कुमार के रिश्तेदार थे। डीपीएस जांचकर्ताओं ने बताया कि ट्रक काउंटी रोड 1119 के पास राजमार्ग 67 पर दक्षिण की ओर जा रहा था, जबकि वैन उसी क्षेत्र में उत्तर की ओर जा रही थी। तभी ट्रक उत्तर की ओर जाने वाली लेन में प्रवेश कर गया और मिनीवैन उससे टकरा गई। डीपीएस ने कहा कि दुर्घटना के वक्त बुजुर्ग दंपती और दोनों बच्चों ने सीट बेल्ट नहीं पहनी हुई थी।

### सजा-ए-मौत की जगह अब रहना होगा जेल में

# कतर में फांसी के फंदे से बचे आठ भारतीय

**एजेंसी** | नई दिल्ली



कतर की एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के 8 पूर्व कर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा को कम कर दिया है। अब इन भारतीयों को सजा-ए-मौत की जगह जेल में रहना होगा।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमने 'दहारा ग्लोबल' मामले में कतर की अपीलीय अदालत के फैसले पर गौर किया। इसमें सजा कम कर दी गई है, जिन भारतीय नौसेना के आठ सेवानिवृत्त कर्मियों को मौत की सजा सुनाई गई है, वे कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और नाविक रागेश हैं। नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कथित जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और कतर की एक अदालत ने अक्टूबर में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। सभी भारतीय नागरिक दोहा स्थित 'दहारा ग्लोबल' कंपनी के कर्मचारी थे और उन्हें अगस्त 2022 में हिरासत में लिया गया था। उनके खिलाफ आरोपों को कतर के अधिकारियों ने सार्वजनिक नहीं किया था। भारत ने पिछले महीने इस सजा के खिलाफ कतर में अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ अपीलीय अदालत में मौजूद थे। मंत्रालय ने कहा कि विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है और वह अगले कदम के बारे में फैसला करने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में है। उसने कहा, 'इस मामले की कार्यवाही की प्रकृति गोपनीय और संवेदनशील होने के कारण, इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।'

### क्या है मामला

कतर की एक अदालत ने अक्टूबर में आठ सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारियों और एक नाविक को मौत की सजा सुनाई। ये लोग अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के कर्मचारी थे, जो एक निजी कंपनी थी जो कतर के सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती थी। उन्हें पिछले साल अगस्त से अज्ञात आरोपों के चलते गिरफ्तार किया गया था। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि उन पर कथित जासूसी के आरोप लगाए गए हैं, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### चुनाव आयोग ने स्वीकार किया नामांकन

# दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे नवाज शरीफ




**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान में अगले साल होने वाले आम चुनाव के लिए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा दाखिल किए गए नामांकन को चुनाव आयोग ने स्वीकार कर लिया है। आयोग ने शरीफ की उम्मीदवारी पर कोई आपत्ति नहीं उठाई गई है और अब वह लाहौर और खैबर पख्तूनख्वा के मनसाहरा शहर दोनों से चुनाव लड़ेंगे। नवाज शरीफ के छोटे भाई और पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दावा किया कि फरवरी में आम चुनाव के बाद नवाज शरीफ रिकॉर्ड चौथी बार पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। शहबाज शरीफ ने कहा कि नवाज शरीफ चुनाव के बाद चौथी बार पीएम बनने जा रहे हैं।

### अगले साल शिखर सम्मेलन में मुलाकात कर सकते हैं दोनों नेता

# पुतिन का मोदी को रूस आने का न्योता

**एजेंसी** | मॉस्को



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले साल रूस की यात्रा के लिए आमंत्रित किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की। पुतिन ने जयशंकर से कहा कि हमें अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी। रूस की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर मॉस्को पहुंचे जयशंकर ने इससे पहले अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। लावरोव के साथ अपनी बातचीत के बाद संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन अगले साल वार्षिक शिखर सम्मेलन में मिलेंगे। इससे पहले अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि दोनों नेता लगातार संपर्क में रहे हैं।

भारत के प्रधानमंत्री और रूसी राष्ट्रपति के बीच शिखर सम्मेलन दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक साझेदारी में सर्वोच्च संस्थागत संवाद तंत्र है। अब तक भारत और रूस में बारी-बारी से 21 वार्षिक शिखर सम्मेलन हो चुके हैं। पिछला शिखर सम्मेलन दिसंबर 2021 में नई दिल्ली में हुआ था। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस और भारत के बीच व्यापार बढ़ रहा है, खासकर कच्चे तेल और उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के कारण। उन्होंने कहा कि हमारा व्यापार लगातार दूसरे साल स्थिर गति से बढ़ रहा है। इस साल विकास दर पिछले साल से भी अधिक है।

### भारत को रूस से दूर करना चाहता है अमेरिका

अमेरिका ने एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीदने के वक्त ही भारत पर प्रतिबंध का मन बना लिया था। कई बार अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को धमकियां भी दी, लेकिन इंडो-पैसिफिक में इसके प्रभाव को सोचकर अमेरिका ने अपने कदम पीछे खींच लिए। अमेरिका ने भारत को रूस से दूर करने के लिए अपने कई हथियारों का भी ऑफर दिया और दूसरे क्षेत्रों में भी सहयोग को लेकर समझौते किए। इनमें अंतरिक्ष और तकनीक के क्षेत्र में किए गए समझौते अहम हैं।

# जापान: धरती कांपी, 6.3 तीव्रता का आया भूकंप

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, जापान के कुरील द्वीप समूह में रिक्टर स्केल पर 6.3 तीव्रता मापी गई। भूकंप में किसी के हताहत होने की फिलहाल पुष्टि नहीं की गई है। जापान में पिछले 3 दिन में तीसरी बार भूकंप आया है। जापानी कुरील द्वीप समूह में आए भूकंप के कारण भगदड़ मच गई। लोग अपने-अपने घरों को छोड़ बाहर भाग गए। हालांकि भूकंप से जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन लोग दहशत में हैं। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, आधे घंटे के भीतर यहां दो भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का पहला झटका दोपहर 2:45 मिनट पर आया। इसके बाद 3:07 बजे 5.0 तीव्रता का झटका आया।

### जापान में लगातार आ रहे हैं भूकंप

जापान में बीते तीन दिनों से लगातार भूकंप आ रहे हैं। इससे पहले 26 और 27 दिसंबर को भी जापान में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 26 दिसंबर को जापान के इज़ू आइलैंड और 27 दिसंबर को होक्काइडो में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस महीने की शुरुआत में दक्षिणी फिलीपींस के मिंडानाओ में 7.5 तीव्रता के भूकंप के बाद दक्षिण-पश्चिमी तट पर सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी. वहीं, 5 मई को, जापान के पश्चिमी इशिकावा प्रांत में 6.5 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे कई लोग घायल हो गए और कुछ इमारतें ढह गईं थीं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl